राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 341
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 03 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा में ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर
पेज 4 ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौके
पेज 6 एकदिवसीय के बाद टी20 में भी खामोश है शुभमन का बल्ला

## संक्षिप्त खबरें

### नैनीताल में ट्रैवलर खाई में गिरा, 2 की मौत

**नैनीताल/दिल्ली।** उत्तराखंड के नैनीताल में टूरिस्टों से भरा टेम्पो ट्रैवलर 50 फीट गहरी खाई में गिर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर सहित 18 टूरिस्टों का दल बाबा नीब करौरी के कैंची धाम में दर्शन के बाद दिल्ली लौट रहा था। टेम्पो ट्रैवलर में एक ही परिवार के लोग सवार थे। शनिवार देर रात 12 बजे के बाद जब वाहन ज्योलीकोट के मटियाली बैंड के पास पहुंचा, तो अचानक ड्राइवर का नियंत्रण हट गया। वाहन करीब 50 फीट गहरी खाई में जा गिरा। घायलों के मुताबिक, टेंपो ट्रैवल का ड्राइवर नशे में था और उसको गाड़ी चलाने से रोका भी था। लेकिन वह नहीं माना और गाड़ी भगा दी।

### तूफान मोन्था का असर खत्म, अब बारिश नहीं ठंड बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** मोन्था तूफान का असर लगभग खत्म हो गया है। इसके रूट में आने वाले राज्यों में अब बारिश नहीं होगी। हालांकि राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हिमाचल में बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक पहाड़ी राज्यों और मैदानी इलाकों में अगले 3-4 दिन में तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंड बढ़ेगी। हिमाचल में 4 और 5 नवंबर को बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। तीन नवंबर की रात से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। फिलहाल कुकुमसेरी में तापमान माइनस 1.2 और ताबो में माइनस 0.8 चल रहा है।

### हैप्पी मॉर्निंग

लड़की वाले शादी के लिए देखने आ रहे थे...!
पापा- बेटा लड़की वाले आ रहे हैं, उनके सामने थोड़ी लंबी-लंबी फेंकना...! लड़की वालों के आते ही बेटा- पापा जरा चाबी देना, वो ट्रेन धूप में खड़ी है, अंदर कर देता हूं...!
पापा
बेहोश...!

### शायरी

रास्ता सोचते रहने से किधर बनता है
सर में सौदा हो तो दीवार में दर बनता है

### अर्थसार

सेंसेक्स:
83,938.71
-465.75 (0.55%)
निफ्टी:
25,722.10
-155.75

### मौसम

अधिकतम : 30 डिग्री से0
न्यूनतम : 17 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 6 : 35
सूर्यास्त सोमवार : 5 : 50

# 'भारत ने रचा इतिहास' जीत लिया विमेंस वनडे वर्ल्ड कप




### साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर चैंपियन बने; दीप्ति-शेफाली ने जिताया फाइनल

एजेंसी

**नवी मुंबई।** भारत की लड़कियों ने आखिरकार 47 साल के लंबे इंतजार के बाद इतिहास रच ही दिया। इंडिया विमेंस ने रविवार को फाइनल में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता।

87 रन बनाने के बाद 2 अहम विकेट लेने वालीं 21 साल की शेफाली वर्मा प्लेयर ऑफ द फाइनल रहीं।

डीवाई पाटील स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। शेफाली ने 87, दीप्ति शर्मा ने 58, स्मृति मंधाना ने 45 और ऋचा घोष ने 34 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका से आयाबोंगा खाका ने 3 विकेट लिए।

बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका टीम 246 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने लगातार दूसरा शतक लगाया, लेकिन टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गईं।

भारत से पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर शेफाली वर्मा ने 2 विकेट लेकर मैच पलटा।

वहीं दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट लेकर टीम को जीत दिला दी। दीप्ति प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुनी गईं।

### 52 साल पहले शुरू हुआ वर्ल्ड कप, 25 साल बाद नई चैंपियन मिली

विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 52 साल पहले 1973 में हुई थी। तब भारत ने हिस्सा नहीं लिया था। 1978 में इंडिया विमेंस ने डायना एडल्जी की कप्तानी में पहली बार टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। तब से टीम को पहला टाइटल जीतने में 47 साल लग गए। 2005 में टीम इंडिया पहली बार फाइनल में पहुंची, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई। 2017 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ही सेमीफाइनल हराकर फाइनल में एंट्री की, लेकिन इंग्लैंड ने फाइनल हरा दिया। 2025 में टीम ने फिर एक बार ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल हराया, लेकिन इस बार फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी जीत ही ली।

# राजस्थान में खड़े ट्रेलर में घुसा टेंपो ट्रेवलर, 15 की मौत

### बीकानेर में खिंचवाई फोटो आखिरी बनी; अन्नकूट कार्यक्रम के कारण कई महिलाओं की जान बची



**जोधपुर।** राजस्थान के फलोदी में भीषण सड़क हादसे में 15 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 2 महिलाएं घायल हैं। बापिणी उपखंड क्षेत्र के मतोड़ा में टेंपो ट्रेवलर खड़े ट्रेलर में घुस गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मरने वालों में 4 बच्चे, ड्राइवर और 10 महिलाएं शामिल है।

जानकारी के अनुसार, टेंपो ट्रेवलर में सवार सभी लोग देवउठनी एकादशी पर जोधपुर के सूरसागर से कोलायत में कपिल मुनि के आश्रम में दर्शन करने के लिए गए थे। लौटते समय मतोड़ा थाना क्षेत्र में हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो ट्रेवलर का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में मरने वाले लोग एक ही मोहल्ले के हैं। मोहल्ले में अन्नकूट कार्यक्रम के कारण कई महिलाओं ने तीर्थ यात्रा पर जाने से इनकार कर दिया था। इसके कारण उनकी जान बच गई। हादसे में जान गंवाने वाली सज्जन कंवर को पति ओमप्रकाश ने तीर्थ यात्रा पर जाने से मना किया था, लेकिन वह तीर्थ यात्रा पर गई थी। उनके साथ परिवार के 6 लोगों की भी मौत हुई है।

#### टेंपो ट्रेवलर के परखच्चे उड़े, फंस गए लोग

थाना अधिकारी अमानाराम ने बताया- शाम करीब 6.30 बजे भारत माला हाईवे पर हादसा हुआ। सड़क पर खड़े ट्रेलर में पीछे से टेंपो ट्रेवलर घुस गया। 2 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर किया गया है। सभी शवों को ओसियां के सरकारी अस्पताल से जोधपुर भेजा गया है।

थानाधिकारी ने बताया- हादसे के बाद टेंपो ट्रेवलर में फंसे घायलों और शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उधर, सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजन अपनों की लाशें देख बदहवास हो गए। कई परिजन बेहोश हो गए।

# मदरसे में 20 लाख के नकली नोट, इमाम गिरफ्तार

खंडवा। एमपी के खंडवा जिले के पैठियां गांव के मदरसे में इमाम जुबेर अंसारी के कमरे से करीब 20 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं। बैग में 500-500 रुपए के नोट के बंडल थे। पुलिस ने नोटों की गिनती की तो 19 लाख 78 हजार रुपए के नकली नोट निकले। मामले का खुलासा तब हुआ जब मालेगांव पुलिस ने जुबेर और उसके साथी नजीम अकम अयूब अंसारी को 10 लाख के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद जावर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने मीडिया रिपोर्ट्स में देखा कि दो में से एक आरोपी तो पैठियां गांव की मस्जिद का इमाम जुबेर है। उसने जावर पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस पैठियां गांव पहुंची और वहां लोगों से पूछताछ की।

### कश्मीर मैराथन



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला श्रीनगर में कश्मीर मैराथन 2025 के दूसरे संस्करण में हिस्सा लेते हुए।

# मोदी सिर्फ ट्रम्प नहीं, अडाणी-अंबानी से भी डरते हैं : राहुल

### बेगूसराय में तालाब में कूदे राहुल गांधी, मछली पकड़ने लगे



**बेगूसराय।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार (2 नवंबर) को खगड़िया में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार दिल्ली से मोदी जी के ऑर्डर पर चल रही है। यहां आप लोगों के लिए सरकार के पास जमीन नहीं है, लेकिन मोदी जी के पास अडाणी, अंबानी के लिए बहुत जमीनें हैं। कल सुबह मैं और सहनी जी तालाब में मछली पकड़ने गए। ये इसलिए क्योंकि लोगों को लगे कि मेरे साथ राहुल गांधी खड़े हैं। पीएम मोदी कहते हैं फेसबुक चलाइए। इंस्टाग्राम चलाइए। ऐसा क्यों, ऐसा इसलिए कि वो नहीं चाहते कि आप दूसरी चीजों की बातें करें। आप जो डेटा इस्तेमाल करने के लिए पैसे देते हैं वो ये अडाणी और अंबानी को दे देते हैं। ये लोग वोट चोरी कर के सरकार बनाते हैं। वोटिंग के दौरान आपको बूथों पर जाना है और देखना है कि ये लोग वोट चोरी न कर पाएं। आप हमारे कैंडिडेट्स को जिताइए। महागठबंधन की सरकार बनाइए।

#### मोदी 56 इंच वाले डरपोक हैं

जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। राहुल ने कहा, 56 इंच की छाती वाला डरपोक है। गांधी जी की छाती बड़ी नहीं थी, लेकिन वो किसी से डरते नहीं थे। इंदिरा भी किसी से नहीं डरती थीं।

उन्होंने कहा, मोदी डरपोक हैं। इस मर्द से ज्यादा दम इंदिरा में था। मोदी जी ट्रम्प से डरते हैं। 50 बार अमेरिकी राष्ट्रपति ने बोला है। मैंने नरेंद्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर बंद कराया है।

# भारत की शराब कंपनियां दे रहीं 14 गुना तक रिटर्न

### दुनिया में शराब की खपत घटी, भारत में बढ़ी, बाजार 60 अरब डॉलर तक पहुंचा



**मुंबई।** चार साल में दुनियाभर में शराब की खपत में तेज गिरावट आई है। अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे बाजारों में डियागो, पर्नोड रिकर्ड, रेमी क्वाइंट्रेयू और ब्राउन फोर्मेन जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर 75 प्रतिशत तक टूटे हैं और उद्योग का मूल्यांकन 74 लाख करोड़ रुपए घटा है। सस्वास्थ्य जागरुकता, बदलती जीवनशैली और महंगाई इसके प्रमुख कारण हैं। अब ये कंपनियां नॉन-अल्कोहलिक उत्पादों की ओर बढ़ रही हैं। डियाजियो ने 'रिचुअल जीरो प्रूफ' खरीदा है, जबकि कार्लसबर्ग और कंपारी-मिलानो ने भी ऐसे ब्रांड लॉन्च किए हैं।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 50 प्रमुख शराब ब्रांडों के शेयर जून 2021 से औसतन 46 प्रतिशत गिरे हैं। वहीं, भारत में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है। 2005 में प्रति व्यक्ति खपत 2.4 लीटर से बढ़कर 2016 में 5.7 लीटर हो गई, 2030 तक 6.7 लीटर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत का शराब बाजार 60 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। चार साल में यूनाइटेड स्पिरिट्स, रेडिको खेतान और ग्लोबस स्पिरिट्स के शेयर 14 गुना बढ़े हैं। राज्यों को शराब बिक्री से 19,730 करोड़ राजस्व मिला है।

#### 4 साल में मप्र में 86 प्रतिशत, राजस्थान में 29 प्रतिशत तक बढ़ी शराब की खपत

मप्र में 2021-22 में 245.33 लाख ली. शराब की खपत हुई थी, जो 2024-25 में 456.44 लाख ली. हो गई यानी 86 प्रतिशत का इजाफा। इसी दौरान, राजस्थान में यह 235.86 से 304.16 लाख ली. हो गई यानी 28.95 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

# दुलारचंद हत्याकांड- अनंत सिंह को 14 दिन की जेल

▸ 3 महीने बाद फिर बेऊर जेल पहुंचे बाहुबली; आरजेडी नेता का पोता बोला- फांसी के बाद ब्रह्मभोज करूंगा



पटना। मोकामा में आरजेडी नेता दुलारचंद की हत्या मामले में अनंत सिंह को रविवार (2 नवंबर) को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बेउर जेल भेजा गया है। 3 महीने बाद वो फिर से बेऊर जेल में रहेंगे। इससे पहले 6 अगस्त को अनंत सिंह मोकामा गोलीकांड में बेउर से बाहर आए थे।

रविवार को ही पुलिस पेशी के लिए अनंत सिंह को ब्लैक स्कॉर्पियो में लेकर पटना सिविल कोर्ट पहुंची थी। इस दौरान अनंत सिंह की तस्वीर भी सामने आई थी। वो सफेद पैंट-शर्ट और काले चश्मे में दिखाई दिए।

पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने 150 पुलिस वालों के साथ अनंत सिंह को देर रात उनके बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना में कारगिल चौक स्थित घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अनंत सिंह को घर से उठाया और पटना लेकर आई। इसके बाद रात 2 बजे पटना डीएम और एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी। 11 घंटे से अनंत सिंह रंगदारी सेल में थे। बताया जाता है कि वो रात भर सोए नहीं और पुलिस से कहते रहे कि घटना के वक्त मैं काफिले से आगे निकल चुका था, पीछे क्या हुआ मुझे पता नहीं।

# तेलंगाना में शख्स ने पत्नी-बेटी और साली की हत्या की

▸ बड़ी बेटी पर भी हमला किया, घायल; आरोपी ने फांसी लगाकर जान दी




**हैदराबाद।** तेलंगाना के विकाराबाद जिले में रविवार की रात एक 40 साल के व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के बाद पत्नी, 10 साल की बेटी और साली की हत्या कर खुद फांसी लगा ली। घटना कुलकाचेरला मंडल में देर रात 2.30 से 3 बजे के बीच हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शुरुआती जांच में सामने आया कि पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। इसी के बाद यह घटना हुई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने बड़ी बेटी पर भी हमला किया था, लेकिन वह घायल होने के बावजूद जान बचाने में सफल रही। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल बेटी ने कहा- शनिवार रात माता-पिता में झगड़ा हुआ था, जिसके बाद मां घर छोड़कर चली गई थी। बाद में मां, मौसी के साथ लौटीं। रात में जब सब सो रहे थे, तभी पिता ने मौसी पर दरांती से हमला किया। जब मां ने बीच-बचाव की कोशिश की तो पिता ने मां पर भी हमला कर दिया।

छंटनी

### इनमें टीसीएस, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कंपनियां शामिल; एआई बना छंटनी की वजह

# टेक कंपनियों ने इस साल 1 लाख कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली।** दुनिया की बड़ी टेक कंपनियां 2025 में बड़े पैमाने पर छंटनी कर रही हैं। Layoffs.fyi वेबसाइट के मुताबिक इस साल अब तक 218 कंपनियां 1.12 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल चुकी हैं।

टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन जैसी बड़ी टेक कंपनियां ले ऑफ में सबसे आगे हैं। कंपनियों का कहना है कि एआई टेक्नोलॉजी, धीमी अर्थव्यवस्था और कॉस्ट कटिंग के कारण ये छंटनियां की जा रही हैं।

चिप मेकर इंटेल ने अपनी ग्लोबल वर्कफोर्स को लगभग 22त्न घटाने का फैसला किया है, यानी करीब 24,000 लोगों की नौकरियां जाएंगी। अमेरिका, जर्मनी, कोस्टा रिका और पोलैंड में सबसे ज्यादा असर होगा। कंपनी पीसी डिमांड की गिरावट और एआई रेस में पिछड़ने की वजह से यह कदम उठा रही है।

#### टीसीएस में अब तक की सबसे बड़ी छंटनी

भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने सितंबर 2025 तक 19,755 कर्मचारियों को निकाला, जो इसका अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। कंपनी ने बताया कि ऑटोमेशन और एआई फोकस के चलते मिड और



सीनियर लेवल के पद खत्म किए जा रहे हैं। टीसीएस का हेडकाउंट अब 6 लाख से नीचे आ गया है।

#### अमेजन ने 14 हजार कर्मचारियों को निकाला

दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स अमेजन ने 14,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को हटाने की घोषणा की है, जो कंपनी के इतिहास की सबसे बड़ी छंटनी में से एक है। सीईओ एंडी जेसी ने कहा कि कंपनी को दुनिया की सबसे बड़ी स्टार्टअप की तरह चलाना है, इसलिए मैनेजमेंट की लेयर्स कम की जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये छंटनी 30 हजार तक पहुंच सकती है।

#### माइक्रोसॉफ्ट से 9 हजार नौकरियां गईं

माइक्रोसॉफ्ट ने इस साल 9,000 कर्मचारियों को निकाला, जो इसके कुल वर्कफोर्स का 4त्न है। यह कदम ढ्ढ और क्लाउड इंवेस्टमेंट बढ़ाने के लिए उठाया गया। कंपनी के अनुसार, नए टेक ट्रेंड्स में निवेश करना है, इसलिए कुछ विभागों में कटौती जरूरी है।

#### गूगल, मेटा, सेल्सफोर्स में भी छंटनी

गूगल ने क्लाउड और एंड्रॉयड टीमों से सैकड़ों कर्मचारियों को हटाया। मेटा (फेसबुक) ने एआई टीम से 600 लोगों को निकालते हुए कहा कि कम टीमों में ज्यादा जिम्मेदारी दी जाएगी। सेल्सफोर्स ने 4,000 सपोर्ट जॉब्स खत्म किए, क्योंकि अब उसका एआई सिस्टम आधे से ज्यादा कस्टमर चैट्स खुद हैंडल कर रहा है।

# संपादकीय

## 'रात के 12 बजे वानखेड़े में गूंजा भारत का नाम , बेटियां बनीं विश्व विजेता'

### जब आधी रात को इतिहास जाग उठा

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

2 नवम्बर 2025 की आधी रात, 12: 00 बजे, वानखेड़े स्टेडियम का आसमान आतिशबाज़ी से जगमगा उठा।
दीप्ति शर्मा की गेंद पर आखिरी बल्लेबाज़ ने कैच दे दिया, और भारत ने महिला क्रिकेट विश्व कप जीत लिया!

यह केवल एक मैच का अंत नहीं था, यह उस युग की शुरुआत थी जहाँ
भारत की बेटियाँ अब सिर्फ़ खिलाड़ी नहीं — विश्व विजेता हैं।

### स्कोरबोर्ड जिसने इतिहास रचा

**भारत — 298/7 ( 50 ओवर )**
- शेफाली वर्मा - 87 (78 गेंद, 7 चौके, 2 छक्के)
- दीप्ति शर्मा - 58* (58 गेंद)
- स्मृति मंधाना - 45 (58 गेंद)
- ऋचा घोष - 34 (24 गेंद)

**दक्षिण अफ्रीका — 246 ( 49.3 ओवर )**
- लौरा वोल्वार्ड्ट - 101 (114 गेंद, 12 चौके)
- आखिरी विकेट : दीप्ति शर्मा की गेंद पर ऋचा घोष ने कैच पकड़ा

### दीप्ति शर्मा

वह गेंद जिसने भारत को विश्वविजेता बनाया —
वह दीप्ति शर्मा के हाथों से निकली थी।
बल्ले से उन्होंने टीम को स्थिरता दी, गेंद से सटीकता दिखाई, और अंत में निर्णायक विकेट लेकर
इस रात को अमर बना दिया।

**'दीप्ति ने सिर्फ विकेट नहीं लिया,
उन्होंने इतिहास को भारत के नाम लिखा।'**

### इनाम जो पहले कभी नहीं मिला

जीत के तुरंत बाद बीसीसीआई ने ?125 करोड़ का नकद पुरस्कार घोषित किया —
जो भारतीय क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा इनाम है।
वहीं आईसीसी ने 39.5 करोड़ ( S 4.48 Million) की राशि विजेता टीम को दी, जो अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप पुरस्कार है।
और सबसे गर्व की बात — यह पहली बार है जब महिला विश्व कप को पुरुष विश्व कप विजेताओं से ज़्यादा इनाम राशि दी गई है।

### यह जीत – हर भारतीय की जीत

यह जीत उन बेटियों की है जो मिट्टी में खेलकर सपने देखती हैं,
उन माताओं की जो हर सुबह प्रार्थना करती हैं,
और उन पिताओं की जो कहते हैं —
जा बेटी, मैदान तेरा है।
यह जीत उस भारत की है जहाँ अब 'लड़का-लड़की बराबर हैं' कोई नारा नहीं, बल्कि सच्चाई बन चुकी है।

### जब बेटियाँ इतिहास लिखती हैं

जब घड़ी ने रात के 12 बजाए,
तो सिर्फ़ एक विकेट नहीं गिरा,
बल्कि सदियों की सीमाएँ टूटीं।
वानखेड़े की वह रात हमेशा याद रहेगी —
जहाँ कैच पकड़ा,
दीप्ति ने गेंद फेंकी,
और भारत ने इतिहास थाम लिया।

**'बेटियों ने ट्रॉफी नहीं,
पूरे भारत का सम्मान उठाया है।'**

## महिला वोटरों पर निर्भर है जीत-हार का फैक्टर

चुनाव आयोग के मुताबिक बिहार में 100 में 48 फीसदी वोटर आंकड़ा महिलाओं का है। पिछले चुनाव में रिकॉर्ड 40 फीसदी मतदान महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में किया था। इतनी वोटिंग इस बार भी जिस दल के पक्ष में होगी, वही बाजी मारेगा। हालांकि पिछले विधानसभा-2020 के चुनाव में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी का ऐलान किया था।
बीते कुछ दशकों से बिहार की आधी आबादी पुरुष मतदाताओं के मुकाबले सर्वाधिक मतदान कर रही हैं। अपने बूते जिसे चाहें उसे सत्ता सौंपने का मादा रखती हैं। हालिया, कुछ चुनावी सर्वेक्षण रिपोर्टस् संकेत इस बार भी ऐसे ही दिखा रही हैं। सर्वे बताते हैं कि बिहार चुनाव में महिलाएं लैंगिक सियासत की बदलती गतिशीलता की नई तस्वीर पेश करेंगी। हिंदी पट्टी वाले राज्यों में चुनावी समर में पुरूषों के मुकाबले महिला ज्यादा बढ़चढ कर हिस्सा लेती हैं जिनमें बिहार सबसे अव्वल है। चुनाव चाहे सांसदी के हों या विधानसभा के या फिर पंचायत के, सभी में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत सर्वाधिक रहा है। पूर्व के इन आंकड़ों को देखते हुए जारी बिहार चुनाव में तकरीबन सभी सियासी दल महिला वोटरों पर ही ज्यादा दांव लगा रहे हैं। इतना तय है कि महिलाएं इस बार चुनावी गच्चा खाने के मूड में हैं नहीं? झूठे वादों में नहीं फंसेगी। पिछले चुनाव में एनडीए के खाते में 40 फीसदी वोट पड़ने वाला समूह शांत दिखाई पड़ता है। चुनावी वायदों को महिलाएं अपने नजरिए से परख रही हैं। बिहार के चुनावी उत्सव में चाहे महिला वोटर हों या विधायक? एकाध दशकों में इनकी भागेदारी सरकारों में भी रही हैं। विधानसभा-2020 में महिला उम्मीदवारों ने रामनगर, धमदाहा, प्राणपुर, कोढ़ा, गौराबौराम, गोपालगंज, राजापाकर, महनार, कटोरिया, मोकामा, मसौढ़ी, संदेश, नोखा, नरकटियागंज, बेतिया, केसरिया, परिहार, बाबूबरही, फुलपरास, त्रिवेणीगंज, शेरघाटी, बाराट्टी, हिसुआ, बारसलीगंज और जमुई में विजयी पताका लहराया था। महिलाओं के लिए मौजूदा विधानसभा-2025 चुनाव यह निर्धारित करेगा कि जनकल्याण के माध्यम से सशक्तीकरण वास्तिव स्वायत्ता में तब्दील होता है या सिर्फ चुनावी सुविधा ही बनकर रह जाएगा। पिछले आंकड़ों को देखकर भाजपा का पूरा फोकस महिलाओं पर है। तभी, तो उन्होंने चुनाव तारीखों की घोषणा से पूर्व ही 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार' स्कीम के तहत लगभग 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में दस-दस हजार रूपए की नगद धनराशि पहले ही भेज दी हैं। पैसा पाकर महिलाएं खुश जरूर हैं, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं की वह 'नोट के बदले वोट' देंगी या नहीं? इस स्कीम पर महिलाओं को संशय इसलिए है कि ये घोषणा नीतीश कुमार ने नहीं, बल्कि दिल्ली से प्रधानमंत्री द्वारा हुई। क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी एक घोषणा उन्हीं के द्वारा की गई थी, जो अभी तक लागू नहीं हुई है। इन सभी तथ्यों की समीक्षाएं महिलाएं इस बार कर रही हैं। महिला वोटरों को रिझाने में कोई भी सियासी दल पीछे नहीं हैं? सभी अपनी-अपनी हैसियत अनुसार वादा कर रहे हैं?

# चौथाई सदी में कितना बदला धान का कटोरा


उमेश चतुर्वेदी



एक नवंबर के दिन छत्तीसगढ़ की उम्र चौथाई सदी पूरी कर चुकी है। इस राज्य के जन्म के लिए धरनारत रहे उस व्यक्ति का नाम लोग भूल चुके हैं। राजनेताओं की लंबी फेहरिस्त राजनीतिक क्षितिज पर अपनी अच्छी-बुरी उपलब्धियों के साथ चमक रही है। लेकिन दाऊ आनंद अग्रवाल का संघर्ष कहीं खो गया है।
इक्कीसवीं सदी की आहट सुनाई देने लगी थी..उन दिनों इन पंक्तियों का लेखक मध्य प्रदेश-राजस्थान के एक बड़े अखबार का दिल्ली में संवाददाता था..उस दिन खबरों का सूखा था..उसे दूर करने की नीयत से इन पंक्तियों का लेखक धरनों के लिए विख्यात जंतर-मंतर पर जा पहुंचा...वहां जाकर देखा, मध्य प्रदेश से अलग करके छत्तीसगढ़ राज्य बनाने की मांग को लेकर साधारण-सा व्यक्ति धरने पर बैठा था..साथ में गिनती के विश्वासपात्र ही बैठे थे..पता चला कि धरनारत उस व्यक्ति के पास खाने तक के पैसे नहीं थे..उनसे पता चली कि रात को रोजाना अपनी क्षुधा शांत करने के लिए पास ही स्थित गुरूद्वारा बंगला साहिब या फिर रकाब जाते और वहां के लंगर से अपनी भूख शांत करते थे..उनके साथियों का भी यही हाल था..वनोपज और प्राकृतिक संसाधनों से युक्त राज्य का धरना और उसे सहारा लंगर का..मर्म को छूने वाली वह खबर थी..खबर लिखी भी, 'लंगर के सहारे चलता अलग राज्य का धरना'. खबर छपते ही रायपुर और उसके आस-पास हलचल मच गई। तब आज की तरह फोन नहीं थे..लेकिन लोग उस धरना देने वाले व्यक्ति का पता पूछने और उन तक अपनी श्रद्धा रकम पहुंचाने की जैसे होड़ लग गई..
एक नवंबर के दिन छत्तीसगढ़ की उम्र चौथाई सदी पूरी कर चुकी है। इस राज्य के जन्म के लिए धरनारत रहे उस व्यक्ति का नाम लोग भूल चुके हैं। राजनेताओं की लंबी फेहरिस्त राजनीतिक क्षितिज पर अपनी अच्छी-बुरी उपलब्धियों के साथ चमक रही है। लेकिन दाऊ आनंद अग्रवाल का संघर्ष कहीं खो गया है। पता नहीं छत्तीसगढ़ के लोगों, विशेषकर प्रबुद्ध लोगों को उनका नाम याद है भी या नहीं। उन दिनों छत्तीसगढ़ के एक प्रमुख दैनिक के दिल्ली ब्यूरो प्रमुख रहे विनोद वर्मा बताते हैं कि दाऊ के एक वक्त का भोजन अखबारों के प्रमुख दफ्तर आईएनएस बिल्डिंग की कैंटीन में होता था..जिसका खर्च विनोद वर्मा उठाते थे। यहां बता दें कि विनोद वर्मा बाद के दिनों में छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार रहे।
आनंद अग्रवाल को ही क्यों, बहुत लोगों को पवन दीवान की भी याद नहीं होगी। पवन दीवान बुनियादी रूप से समाजवादी नेता थे। यह बात और है कि उन्होंने बाद में राजनीतिक दलों में खूब आवाजाही की। कभी बीजेपी के कमलधारक बने तो कभी कांग्रेस के हाथ का साथ लिया। लेकिन छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने के लिए बड़ा आंदोलन उन्होंने किया था। दिल्ली के जंतर-मंतर पर उन्होंने बड़ा प्रदर्शन भी किया था। छत्तीसगढ़ अब अलग राज्य के रूप में फल-फूल रहा है। लेकिन उसे मध्य प्रदेश से अलग राज्य बनाने की पहली बार ठोस मांग करने वाले खूबचंद बघेल के नाम को कितने लोग याद करते हैं, पता नहीं। पिछली सदी के साठ के दशक के आखिरी वर्षों में उन्होंने छत्तीसगढ़ भ्रातृ संघ बनाया था और अलग राज्य की उन्होंने मांग को पहली बार ताकतवर सुर दिया था। जिन्होंने भी छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने की मांग रखी, उनकी मांग का आधार था छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधन, वनोपज और खूबसूरत नजारे। सबका मानना था कि अपने प्राकृतिक सौंदर्य, वनोपज और खनिजों की वजह से छत्तीसगढ़ कहीं ज्यादा समृद्ध है, लेकिन उसका फायदा उसके निवासियों को नहीं मिल रहा है। उस पर कब्जा राज्य के दूसरे इलाके के लोगों और राजनीतिक वर्चस्व वाली ताकतों को मिल रहा है। वैसे छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने की मांग 1924 में रायपुर में हुई थी। लेकिन तब देश गुलाम था, अंग्रेजी दासतां से मुक्ति तब पहला उद्देश्य था। लिहाजा यह मांग सिरे से परवान नहीं चढ़ पाई।
दिलचस्प यह है कि जिन्होंने अलग राज्य की मांग रखी, राजनीतिक रूप से उनका आज कोई अस्तित्व ही नहीं है। इसे बिडंबना कहें कि कुछ और, यह स्थिति छत्तीसगढ़ के साथ बने उत्तराखंड राज्य की भी है। उत्तराखंड को उत्तर प्रदेश से अलग राज्य बनाने की मांग को लेकर सबसे जोरदार आंदोलन उत्तराखंड क्रांति दल ने चलाया, उसकी कीमत भी चुकाई। मुजफ्फरनगर कांड उस कीमत की चरम परिणति कही जा सकती है। लेकिन उत्तराखंड में आज उत्तराखंड क्रांति दल हाशिए पर है।
छत्तीसगढ़ से जुड़ा एक और वाकया याद आ रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार विधानसभा चुनाव 2003 में हो रहा था। उसकी तैयारी भारतीय जनता पार्टी ने एक साल पहले ही शुरू कर दी थी। उन दिनों केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार थी। उस सरकार में रमन सिंह इस्पात राज्य मंत्री थे। बीजेपी ने तय किया कि उन्हें चुनावी तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ भेजा जाए। रमन सिंह छत्तीसगढ़ जाना नहीं चाहते थे। दिल्ली के ललित होटल के एक कार्यक्रम में दबी जुबान से बीजेपी के इस फैसले का विरोध भी जताया था। शायद उन्हें अपने भावी किस्मत का पता नहीं था। भारी मन से वे छत्तीसगढ़ गए, लेकिन विधानसभा चुनावों में उनकी अगुआई में भारी जीत मिली। मुख्यमंत्री बने और लगातार तीन कार्यकाल तक मुख्यमंत्री रहने का उन्हें स्वर्णिम मौका मिला।
छत्तीसगढ़ ने तब से लेकर अब तक लंबी यात्रा कर ली है। छत्तीसगढ़ की पच्चीस साल की इस यात्रा में सत्रह साल तक बीजेपी का शासन रहा है, जबकि महज आठ साल कांग्रेस की सरकार रही। छत्तीसगढ़ जब अलग हुआ था तो उसका बजट महज पांच हजार सात सौ करोड़ का था। आज राज्य का बजट एक लाख 65 हजार सौ करोड़ तक पहुंच गया है। राज्य की मौजूदा विष्णुदेव साय सरकार इसे गति यानी सुशासन, त्वरित अवसंरचना, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक विकास की थीम पर आधारित बजट बता रही है। छत्तीसगढ़ राज्य जब बना तो वहां सिर्फ एक मेडिकल कॉलेज था, वहां एकमात्र मेडिकल कॉलेज पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, रायपुर था। यह कॉलेज 1963 में स्थापित किया गया था और इसे रायपुर मेडिकल कॉलेज के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन छत्तीसगढ़ में आज 14 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें 11 सरकारी, एक एम्स और 3 निजी कॉलेज शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य में 4 नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों के निर्माण की घोषणा की जा चुकी है। ये कॉलेज बन गए तो उनकी संख्या 18 हो जाएगी। कह सकते हैं कि राज्य ने मेडिकल के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगा ली है।
छत्तीसगढ़ को लेकर एक छवि यह है कि वह छोटा राज्य है। लेकिन हकीकत ऐसा नहीं है। उसे छोटा मानने की वजह उसकी अपेक्षाकृत कम जनसंख्या है। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्य की जनसंख्या दो करोड़ 55 लाख से ज्यादा है। अनुमान है कि इन दिनों राज्य की जनसंख्या तीन करोड़ आठ लाख के करीब है। आम धारणा है कि छत्तीसगढ़ बिहार से भी छोटा है। बिहार की जनसंख्या करीब तेरह करोड़ से कुछ ज्यादा है। लेकिन हकीकत यह है कि छत्तीसगढ़ रकबा के लिहाज से बिहार से डेढ़ गुना बड़ा राज्य है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सलाहकार पंकज झा कहते हैं कि छोटा राज्य होने की छवि के चलते छत्तीसगढ़ को भारतीय राजनीति का ज्यादातर हिस्सा उसे कमतर आंकता है। इस छवि को तोड़ना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।
जब छत्तीसगढ़ बना था, तब उसके हिस्से मध्य प्रदेश के 16 जिले आए थे। लेकिन आज छत्तीसगढ़ में 33 जिले हैं। खूबसूरत झरने, प्राकृतिक जंगलों और खूबसूरत पहाड़ों के प्रदेश छत्तीसगढ़ में कोयला, लोहा और टिन का प्रचुर खनिज भंडार है। देश का तीसरा सबसे बड़ा वनाच्छादित राज्य छत्तीसगढ़ है, जिसका कुल 44.24 प्रतिशत हिस्सा जंगलों से ढंका पड़ा है। जाहिर है कि इनकी वजह से जहां पर्यावरण की रक्षा हो रही है, वहीं जंगल पर आधारित जनजातियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ एक नए राज्य के रूप में अपनी स्थापना के बाद से, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था जैसे कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव से गुजरा है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में लगभग 10 गुना वृद्धि हुई है, राज्य की जीडीपी 21,000 करोड़ डॉलर से बढ़कर लगभग अब करीब 5 लाख करोड़ डॉलर की हो गई है। कभी यहां आने में बैंक हिचकते थे, लेकिन अब यहां बैंकों का जाल है। राजमार्ग और रेलवे का नेटवर्क भी राज्य में बहुत बढ़ा है। मध्य प्रदेश से अलग होते वक्त राज्य में महज चार विश्वविद्यालय थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 25 हो चुकी है। पहले नक्सल प्रभावित इलाकों में स्कूलों की भारी कमी थी। लेकिन अब यहां नए स्कूल खोले गए हैं और पोटाकेबिन, आश्रम और छात्रावास जैसी पहल शुरू की गई हैं। बस्तर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण किया गया है, हालाँकि यह अभी अधूरा है। नक्सलवाद के चलते यहां परिवहन ढांचा सुदृढ़ नहीं था। लेकिन अब उसमें भी बदलाव आया है। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों और रेल लाइनों की लंबाई दोगुनी हो गई है। पहले राज्य की राजधानी रायपुर से सिर्फ छह उड़ानों की सुविधा थी, जो अब बढ़कर 76 हो गई है। बस्तर और सरगुजा में भी हवाई अड्डे बनाए गए हैं। जगदलपुर में साप्ताहिक आधार पर उड़ीसा और आंध्र प्रदेश के लिए विमान सेवाएं जारी हैं। राज्य की शुरूआत में जहां बैंक शाखाओं की संख्या 1500 थी, वह अब बढ़कर 6500 हो गई है।
छत्तीसगढ़ को उसकी धान की उपज के लिए धान का कटोरा कहा जाता था। अलग राज्य बनने के बाद राज्य में जहां धान की खरीद 5 लाख मीट्रिक टन थी, वह अब बढ़कर 1.5 करोड़ मीट्रिक टन हो गई है। इसी तरह राज्य में बिजली उत्पादन 7300 मेगावाट से बढ़कर 18000 मेगावाट तक पहुंच गया है। राज्य के वनोपज में तेंदूपत्ता का प्रमुख स्थान है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली -3699




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3698 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज (चोर से) - तुम्हारी जेब में जो कुछ है, उसे निकालकर मेज पर रख दो.
चोर (जज से)- यह तो सरासर नाइंसाफी है हुजूर. माल का आधा-आधा होना चाहिए.

□ □ □

बबलू (मम्मी से) - मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो.
मम्मी (बबलू से) - बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
बबलू (मम्मी से) - क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है.

□ □ □

युवा फिल्म अभिनेता (प्रेमिका से)- आज तक मुझसे शादी के सैकड़ों निवेदन किए जा चुके हैं.
प्रेमिका (अभिनेता से)- अच्छा, किस-किस ने निवेदन किया?
अभिनेता (प्रेमिका से) - 'मेरे मम्मी और डैडी ने.' अभिनेता मुस्कराते हुए बोला.

□ □ □

एक छाताधारी सैनिक से उनके अफसर ने पूछा, 'तुमने कितनी बार हवाई जहाज से छलांग लगाई है.'
'केवल एक बार.' सैनिक ने कहा.
'लेकिन तुम्हारे सर्विस रिकार्ड मे तो पन्द्रह बार लिखा हुआ है.'
'शेष चौदह बार तो मुझे धकेला गया था.' सैनिक ने कहा.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3699



**ऊपर से नीचे:-**
१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिलरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षण की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

**बायें से दायें:-**
१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरूख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बांके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ों' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फे' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनाके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3698



## सूडोकु -3699


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3698 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |


## शब्द पहेली - 3699



**बाएँ से दाएँ**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

शब्द पहेली -3698 का हल



# ग्रेटर नोएडा में एकतरफा प्यार में हत्या

## लड़की की शादी तय होने पर युवक ने उसके पिता को मारी गोली, 48 घंटे में गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सिर्फ 48 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दीपक गोस्वामी नामक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने एकतरफा प्यार में लड़की की शादी तय होने पर उसके पिता महिपाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त अवैध पिस्टल भी बरामद की है।



यह वारदात 30 अक्टूबर को बम्बावड़ गांव के पास हुई थी। मृतक महिपाल को अज्ञात व्यक्ति ने गोली मार दी थी। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छह टीमों को जांच में लगाया।

जांच के दौरान पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर कई बार कैमरों में दिखाई दिया।

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी दीपक गोस्वामी, मूल रूप से मेरठ का निवासी है और इस समय सूरजपुर में रह रहा था। वह बी-फार्मा की पढ़ाई कर चुका है और एक दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) के रूप में काम करता था। कई साल पहले दीपक की दोस्ती महिपाल की बेटी से इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। दीपक उससे शादी करना चाहता था, लेकिन लड़की और परिवार ने रिश्ता इनकार कर दिया और उसने उससे बात करना बंद कर दी। जब दीपक को पता चला कि लड़की की शादी 10 दिसंबर को तय हो गई है, तो उसने महिपाल की हत्या की साजिश रची।

पुलिस के अनुसार, दीपक का मानना था कि पिता की हत्या से शादी रुक जाएगी और वह इस दौरान लड़की की सहानुभूति हासिल कर सकेगा। आरोपी ने मेरठ से अपने एक दोस्त से पिस्टल लेकर रेकी करने के बाद महिपाल की गोली मारकर हत्या कर दी। बादलपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ग्रेटर नोएडा में ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर

## रोटावेटर में फंसे युवक का कटा पैर, केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कासगंज के युवक का पैर कट गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर के रोटावेटर की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

इलाज के दौरान संक्रमण बढ़ने पर डॉक्टरों को उसका एक पैर काटना पड़ा। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, कासगंज निवासी अजय कुमार ने बताया कि उनका भांजा आदित्य (19) अक्टूबर में किसी काम से बाइक पर नोएडा जा रहा था। जब वह जेवर क्षेत्र के नीमका गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के रोटावेटर से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की मदद से उसे ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि पैर में संक्रमण फैलने के कारण उसे काटना पड़ा। फिलहाल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

परिजनों ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। ट्रैक्टर के नंबर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# मंदिरों के पास मीट की दुकानें बंद कराईं

## ग्रेटर नोएडा के मिर्जापुर गांव में स्थानीय लोगों की शिकायत पर कार्रवाई

एजेंसी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में रविवार शाम गौ सेवकों ने धार्मिक स्थलों के पास संचालित मीट की दुकानें बंद करा दीं। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद की गई, जिन्होंने पहले भी प्रशासनिक अधिकारियों से इस संबंध में शिकायतें की थीं।

जानकारी के अनुसार, गांव में कई मीट की दुकानें मंदिरों के आसपास चल रही थीं। स्थानीय लोगों का आरोप था कि इन शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी।

इसी के चलते रविवार को गौ सेवक तनीष शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सभी दुकानों को बंद करवा दिया।

गौ सेवकों का कहना है कि मंदिरों के पास मीट की दुकानें धार्मिक आस्था के खिलाफ हैं और इससे लोगों की भावनाएं आहत होती हैं।

तनीष शर्मा ने बताया कि उन्होंने पहले भी अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन समाधान न मिलने पर उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इन दुकानों को दोबारा खोला गया, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गौ सेवकों ने प्रशासन से भी अपील की है कि ऐसे धार्मिक स्थलों के आसपास मीट की दुकानों को स्थायी रूप से बंद करवाया जाए, ताकि क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे।

स्थानीय पुलिस ने बताया है कि मामले की जानकारी ली जा रही है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

# कोर्ट में घुसने वाली नोएडा पुलिस पर होगी कार्रवाई

## जिला जज ने एसएसपी को दिए निर्देश, कोर्ट सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों पर भी होगा एक्शन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ कोर्ट में अधिवक्ताओं के साथ खींचतान करके सरेंडर करने आए आरोपी को जबरन ले जाने के मामले में नोएडा पुलिस पर कार्रवाई की जाएगी। बार एसोसिएशन की ओर से इस मामले में जिला जज को ज्ञापन दिया गया था और कार्रवाई की मांग की गई थी।

बार के ज्ञापन के बाद जिला जज अनुपम कुमार ने एसएसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिला जज ने नोएडा पुलिस का दीवानी में घुसने के मामले को अनाधिकृत प्रवेश माना है और तीन दिन के अंदर कार्रवाई करके रिपोर्ट देने को कहा है। जिसके बाद अलीगढ़ पुलिस की ओर से नोएडा पुलिस को कार्रवाई के लिए रविवार को पत्र लिखा गया है।

### आरोपी को जबरन ले गई थी नोएडा पुलिस

ग्रेटर नोएडा के सैंथली गांव में हुए दोहरे हत्याकांड के दो आरोपी शूटर सचिन गुर्जर और बॉबी तोंगड़ा उर्फ पहलवान 30 अक्टूबर को अलीगढ़ कोर्ट में



सरेंडर करने के लिए आए थे। उन्हें पकड़ने के लिए नोएडा पुलिस भी अलीगढ़ पहुंच गई थी और कोर्ट कैंपस के अंदर वकीलों और पुलिस में खींचतान हुई थी।

काफी खींचतान के बाद नोएडा पुलिस सचिन को अपने साथ ले जाने में सफल हो गई थी, जबकि बॉबी ने सरेंडर कर दिया था। इसके बाद दि अलीगढ़ बार एसोसिएशन ने जिला जज के माध्यम से हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को ज्ञापन भेजा था। जिसके बाद जिला सुरक्षा समिति ने मामले की जांच की थी और जांच के आधार पर पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### सिविल वर्दी में हथियार लेकर आई थी पुलिस

आरोपियों को पकड़ने के लिए अलीगढ़ आई नोएडा पुलिस के कई जवान सिविल वर्दी में थे। सभी हथियार के साथ थे और उन्होंने कैंपस के अंदर वकीलों से खींचतान की और आरोपी को अपने साथ ले गए। इस घटना के वीडियो भी सामने आए थे, जिसके बाद नोएडा पुलिस पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### नोएडा पुलिस से मांगी जा रही है सूचना

जिला जज के पत्र के बाद एसएसपी अलीगढ़ नीरज जादौन की ओर से नोएडा पुलिस को पत्र लिखा जा रहा है। इसमें अलीगढ़ आकर आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम की जानकारी मांगी जा रही है।

सिविल में आए हथियारबंद पुलिस कर्मियों का बिना अनुमति के प्रवेश को कोर्ट में प्रवेश को अनाधिकृत माना जा रहा है। जिसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा कर्मियों की भी लापरवाही

नोएडा पुलिस के साथ ही कोर्ट कैंपस में तैनात पुलिस कर्मियों और एसएसएफ के जवानों की भी इस मामले में लापरवाही मानी जा रही है। सिविल वर्दी में आए पुलिस कर्मी हथियारों के साथ कैंपस के अंदर प्रवेश कर गए थे, लेकिन सुरक्षा कर्मियों को इसकी भनक भी नहीं लगी और वह उन्हें रोक नहीं पाए।

इसलिए लापरवाही करने वाले पुलिस कर्मियों व सुरक्षा कर्मियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं कोर्ट के सभी गेट अब बंद रखे जाएंगे और अंदर कोई भी वाहन प्रवेश नहीं करेगा। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि जिला जज की ओर से कार्रवाई के निर्देश मिले हैं। नोएडा पुलिस को इसके लिए पत्र लिखा गया है। नोएडा पुलिस इस मामले में पूरी कार्रवाई करेगी। वहां से कार्रवाई के संबंध में पूरी आख्या मांगी जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में ताश के खेलते समय भिड़े 2 पक्ष

## लाठी-डंडों से हुई मारपीट, 3 लोग हुए घायल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के बिरोड़ी गांव में ताश खेलने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घटना गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



### ताश खेलते समय हुई बहस

पुलिस के अनुसार, बिरोड़ी गांव में मनोज और हरि बाबू का दूसरे पक्ष के चरण और सुरेंद्र से विवाद हुआ था। बताया गया कि गांव के बारात घर में सुरेंद्र और हरि बाबू ताश खेल रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई।

स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया, लेकिन कुछ देर बाद एक पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर दूसरे पक्ष के घर पहुंच गए। वहां फिर से गाली-गलौज शुरू हुई और देखते ही देखते विवाद दोबारा भड़क उठा।

### तीन लोग घायल, पुलिस ने दोनों पक्षों की ली तहरीर

लाठी-डंडों से हुई इस मारपीट में मनोज, हरि बाबू और सुरेंद्र घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

सूरजपुर थाना पुलिस के मुताबिक, यह विवाद एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुआ था। पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त कर ली है और मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की जांच जारी है।

## पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर लोगों का प्रदर्शन

**नोएडा।** सेक्टर-56 में पेयजल संकट का समाधान न होने पर रविवार को लोगों ने योग पार्क में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही प्राधिकरण के जल विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप है कि प्राधिकरण से कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। आरडब्ल्यूए ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही पेयजल और सीवर की समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सेक्टर के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय मावी ने बताया कि सेक्टर-56 साल 1980 के आसपास बसासाय गया। तब के समय डाली गई पानी और सीवर की लाइन अब की जनसंख्या के हिसाब से उपयुक्त नहीं है।सेक्टर में सात ब्लॉकों में करीब एक हजार घर और 2000 फ्लैट हैं। दीवाली के पहले से सेक्टर में बूंद बूंद पानी की समस्या बनी हुई है। सेक्टर में रोजाना पानी के टैंकर से काम चलाना पड़ रहा है। इस पर काफी खर्चा होता है। निवासियों का कहना है कि सेक्टर में दीवाली के पहले से ही गंगाजल आपूर्ति नहीं हो रही है और जो पेयजल आ रहा है उसका गुणवत्ता (टीडीएस) काफी उच्च स्तर का है। इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग से लगातार शिकायत की जा रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। एक महीने से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान हैं। ऐसे में उन्हें विरोध-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# नोएडा के अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन फटने से धमाका

## वार्ड में धुंआ फैलने से मची अफरा तफरी, 8 मरीजों को किया शिफ्ट



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के सेक्टर 66 में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल के वार्ड में रविवार दोपहर में ऑक्सीजन पाइप लाइन फट गई। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। तेज आवाज और धुआं होने से सभी मरीज बाहर की ओर भागने लगे। वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई भी बाधित हो गई।

फौरन पुलिस और अस्पताल प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फेस 3 थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल प्रशासन ने आईसीयू में भर्ती मरीजों को एंबुलेंस से दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया। तब जाकर उनकी जान बची। कर्मचारियों ने पाइप की रिपेयरिंग की। आधे घंटे फिर से सप्लाई शुरू हो पाई। ऑक्सीजन पाइप लाइन फटने की सूचना मिलते ही मरीज और तीमारदार वार्ड से बाहर आ गए। ऑक्सीजन पाइप लाइन फटने की सूचना मिलते ही मरीज और तीमारदार वार्ड से बाहर आ गए।

### अब विस्तार से पढ़िए पूरा मामला

फेस 3 के थाना प्रभारी ने बताया- आज दोपहर में फायर स्टेशन के नंबर पर फोन आया था। बताया गया ममूरा स्थित निजी अस्पताल में तेज धमाका हुआ है। फौरन टीम को भेज कर जांच कराई गई।

जांच में पता चला कि ऑक्सीजन के पाइप लाइन में लीकेज के कारण धमाका हुआ था। हालांकि इस दौरान किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई और न ही कोई आगजनी हुई। फौरन टेक्नीशियन को बुलाकर लीकेज को ठीक कराया गया।

## जिले में नौ नवंबर को छात्रवृत्ति परीक्षा होगी

**नोएडा।** जिले में राष्ट्रीय आय और योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा नौ नवंबर को आयोजित की जाएगी। उससे पहले चार नवंबर को राजकीय इंटर कॉलेज नोएडा में शिक्षकों के साथ अन्य लोगों को दोपहर एक से दो बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। वेबसाइट पर आवेदन पंजीकरण संख्या और मोबाइल नंबर डालकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। राष्ट्रीय आय और योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना के लिए सितंबर माह में ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। शैक्षिक सत्र 2024-25 में राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और परिषदीय विद्यालय के कक्षा आठ के विद्यार्थियों से आवेदन मांगे गए थे जिनके अभिभावक की आय 3.5 लाख रुपये से कम है।जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि सेक्टर-51 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में परीक्षा होगी। इस बार परीक्षा में 1205 छात्र शामिल होंगे। 96 सीटों के लिए छात्रों का चयन होगा। परीक्षा तीन घंटे सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगी। दिव्यांग बच्चों को एक घंटा अधिक समय दिया जाएगा। उनकी परीक्षा दो बजे तक चलेगी। सभी विद्यार्थी परीक्षा शुरू होने से लगभग एक घंटा पहले पहुंचे।

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 5.60 करोड़ ठगे

## 20 करोड़ का मुनाफा दिखाया था, वॉट्सऐप से जोड़ा; डाउनलोड कराया एक ऐप

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-50 में रहने वाली एक महिला से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 5.60 करोड़ रुपए की ठगी हो गई। महिला ने इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखकर लिंक पर क्लिक किया था । उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ लिया गया और शेयर ट्रेडिंग करने की ट्रेनिंग दी गई।

महिला दो सप्ताह तक ग्रुप में जुड़े रहने के बाद निवेश करना शुरू की। ट्रेडिंग ऐप पर 3.50 करोड़ निवेश की रकम पर 20 करोड़ रुपए मुनाफा दिखाकर ठगों ने 2 करोड़ रुपए की मांग की।

पीड़िता ने रुपए नहीं होने की बात कही तो उन्हें पुलिस केस में फंसाने की धमकी देकर और कुल 18 से अधिक बार में ठगों ने खाते में 5 करोड़ 60 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। बाद में ग्रुप से बाहर कर दिया गया। इसके बाद पीड़िता को ठगी होने की जानकारी हुई। मामले में साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शेयर ट्रेडिंग की ट्रेनिंग दी

पुलिस को रीना तिवारी ने बताया कि 3 जुलाई को उन्हें इंस्टाग्राम ऐप उपयोग करते समय @aarkay 13 नाम की आईडी से एक विज्ञापन दिखाई दिया। जिस पर शेयर ट्रेडिंग एक्सपर्ट के साथ



जुड़कर ट्रेनिंग लेने की बात कही गई थी। लिंक पर क्लिक करते ही उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ लिया गया।

इसी दौरान खुद को दिव्या राव नाम की महिला पर्सनल नंबर से मैसेज कर बातचीत शुरू कर दी। उसने खुद को ग्रुप असिस्टेंट बताया था। साथ ही शेयर ट्रेडिंग की ट्रेनिंग भी देने लगी।

### एप्लिकेशन डाउनलोड करवाया

इसके बाद पीड़िता के फोन में एक एप्लिकेशन डाउनलोड कराई। जिस पर रजिस्टर्ड करने के बाद एक खाता चालू कर दिया। पीड़िता लगभग दो सप्ताह तक वॉट्सऐप ग्रुप पर जुड़ी रही। जिस पर कुछ लोग रोजाना मुनाफा कमाने का स्क्रीन शॉट डालते थे। साथ ही हर दिन शाम 4 बजे प्राजक्त सामंत नाम का एक व्यक्ति जोकि खुद को प्लेटफॉर्म का सीईओ बताकर एक मीटिंग करता था। जिसमें स्टॉक, ओटीसी, म्यूचुअल फंड और आईपीओ के साथ शेयर बाजार के बारे में सलाह देता था।

### 20 करोड़ का दिखाया गया मुनाफा

पीड़िता को भरोसा हुआ तो उन्होंने 15 जुलाई से निवेश करना शुरू कर दिया। पहले स्टॉक, ओटीसी, म्यूचुअल फंड में निवेश कीं। 13 अगस्त तक पीड़िता ने 50 लाख तक निवेश कर दिया था। लेकिन इसी दौरान उन्हें आईपीओ में निवेश करने की सलाह दी गई और 1.4 करोड़ रुपए आईपीओ आवंटित कर दिया गया।

महिला कुछ दिन बाद अपने मुनाफे की 10 लाख रुपए रकम निकालने की कोशिश की। ठगों ने बताया कि आपका खाता फ्रीज हो गया है। जिसमें कुल मुनाफा 20 करोड़ रुपए हुए हैं। अब 2 करोड़ देने पर ही खाता ओपन होगा। महिला रुपए नहीं होने की बात कही तो उन्हें पुलिस केस में फंसाने की धमकी देकर कई धीरे-धीरे 5 करोड़ 60 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। मामले में साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में चलते ट्रक में लगी आग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 थाना क्षेत्र में 130 मीटर रोड पर एक ट्रक में आग लग गई। आग लगते ही ट्रक मचला रहा चालक और परिचालक दोनों उतर गए। ट्रक में कंपनी के रोल के बंडल थे। ये बंडल इकोटेक-3 इंडस्ट्रियल एरिया जा रहे थे। आग की वजह साफ नहीं हो पाई है। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। मौके पर दमकल की एक गाड़ी को भेजा गया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ये घटना 130 मीटर रोड की है। यहां यातायात भी ज्यादा रहता है। ट्रक में आग लगते ही चालक ने उसे किनारे कर दिया। और गाड़ियां भी इससे काफी दूर रही। दमकल की गाड़ी पहुंचते एक तरफ के यातायात को कुछ देर के लिए डायवर्ट किया गया। जिसके बाद आग को बुझा दिया गया। बताया गया कि आग इंजन में शॉट सर्किट की वजह से लग सकती है। आग ट्रक के अगले हिस्से से शुरू हुई और गत्ते के रोल तक जा पहुंची। आग से ट्रक जलकर राख हो गया। फिलहाल दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया है।

## पहले दिन रेलवे के बल्लेबाजों का दबदबा रहा

**ग्रेटर नोएडा।** कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के लिए यहां शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर के क्रिकेट मैदान में यूपी और रेलवे के बीच रविवार से चार दिवसीय टेस्ट मैच का मुकाबला शुरू हो गया। पहले दिन रेलवे के बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला। खिलाड़ियों ने चौके व छक्के लगाए। तौफीक उद्दीन के 98 रन की बदौलत रेलवे की टीम ने पहले दिन के खेल की समाप्ति पर छह विकेट के नुकसान पर 280 रन बनाए।यूपी टीम के गेंदबाज अच्छी शुरूआत का लाभ नहीं उठा सके। रेलवे की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम के बल्लेबाज शुरूआत के पहले एक घंटे में थमकर बल्लेबाजी करते दिखे। अंचित यादव और आयुष कुमार ने 10.1 ओवर में पहले विकेट के लिए 47 रन की शानदार साझेदारी की। यूपी टीम के कार्तिक यादव ने आयुष कुमार को 13 रन पर बोल्ड करके टीम को पहला झटका दिया। इसके बाद 61 रन पर अंचित यादव (41 रन) के रूप में टीम को दूसरा झटका लगा। उन्हें शुभम मिश्रा ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। वहीं 189 रन पर तौफीक उद्दीन (98 रन) को कार्तिक ने मोहम्मद आशियान के हाथों कैच कराकर रेलवे की टीम को तीसरा बड़ा झटका दिया।

## कारोबारी से निवेश के नाम पर 22 लाख रुपये ऐंठे

**नोएडा।** शेयर ट्रेडिंग कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने फर्नीचर कारोबारी के साथ 22 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों के कहने पर पीड़ित ने 15 बार में रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर की। कारोबारी की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने एक कथित महिला के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी ऐक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में धीरपाल सिंह ने बताया कि आठ अगस्त को उनके व्हाट्सऐप पर कथित सलोनी नाम की महिला ने मैसेज किया। उसने कारोबार की बात करते हुए फर्नीचर के अलावा आय के अन्य विकल्प तलाशने को कहा।महिला ने कारोबारी से पूछा कि उसकी ट्रेडिंग में रुचि है या नहीं। जब कारोबारी ने हां बोला तो उसने निवेश कर मुनाफा कमाने के तरीके बताए। कारोबारी को व्हाट्सऐप ग्रुप पर यह कहते हुए जोड़ दिया गया कि विशेषज्ञों के बताए अनुसार अगर निवेश किया जाएगा तो दोगुना मुनाफा निश्चित है। ग्रुप में कथित प्रोफेसर ने कई दिन तक कारोबारी को निवेश संबंधी प्रशिक्षण दिया। साथ ही ठगों ने एक ऐप भी इस दौरान डाउनलोड कराया। महिला के कहने पर कारोबारी ने शुरुआती चरण में कम रकम लगाई।

## सोसाइटी में पेयजल की समस्या से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एग्जॉटिका ड्रीमविले सोसाइटी में लगातार हो रही पेयजल की समस्या से लोग परेशान हैं। शनिवार देर रात तक एओए द्वारा 30 टैंकर से भूमिगत टैंक को भर गया, ताकि छुट्टी के दिन रविवार को लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। एओए उपाध्यक्ष सुजीत सिंह ने बताया कि परिसर में 1600 परिवार रहते हैं, लेकिन पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी लोगों को ठीक से नहीं मिल रही है। पिछले सात दिनों से लगातार पानी की समस्या बनी हुई है, जिसके समाधान के लिए प्राधिकरण से शिकायत की गी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है।प्रेशर कम आने के कारण भूमिगत टैंक नहीं भर पा रहे हैं। ऐसे में टैंकर मांगने पड़ रहे हैं, जिससे भूमिगत टैंक को भरा जाता है। प्राधिकरण द्वारा भी पानी का टैंकर भेजे जाते हैं, लेकिन वह पर्याप्त नहीं होते। एओए अपने निजी खर्च से टैंकर मंगा रही है। शनिवार को एओए ने करीब 30 टैंकर देर रात तक मंगवाए। इससे भूमिगत टैंक को भरा गया, ताकि अगले दिन रविवार को लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

## चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने ई-कॉमर्स कंपनी में चोरी करने वाले तीन शातिर बदमाशों को रविवार को नाले की पटरी से दबोच लिया। आरोपियों के पास से कंपनी से चोरी किए दो प्रिंटर, एक लैपटॉप बरामद कर लिया। इसके संबंध में थाने पर करीब 20 दिन पूर्व कंपनी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था। हरियाणा फरीदाबाद के सेक्टर-21 निवासी मामचंद स्वामी ने पुलिस को बताया था कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। उनके ट्रक फिल्पकार्ट के किलर्टस्टोर से माल ढुलाई में भी लगे हैं।बुलंदशहर के शहबाजपुर दौलत का रहने वाला दीपक कुमार उनके ट्रक चलाता है। दीपक नौ अक्तूबर की सुबह दिल्ली द्वारका स्थित किलर्टस्टोर से ग्रेटर नोएडा के लिए माल लेकर निकला था, लेकिन वह माल लेकर नहीं पहुंचा। स्टोर प्रबंधन की ओर से ट्रांसपोर्ट के पास सूचना पहुंची। मामचंद ने बताया था कि ढूंढ़ने के दौरान खाली ट्रक नोएडा में ओखला बर्ड सेंचुरी के पास खड़ा मिला। ट्रक की बोल्ट सील और डिजिटल लॉक टूटा पड़ा था।

## गाजियाबाद में कैंची से गोदकर युवक की हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विजय नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक युवक की कैंची से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 36 वर्षीय रविंद्र उर्फ मोंटू, निवासी शिवपुरी कॉलोनी, के रूप में हुई है। यह वारदात एनएच-9 के सामने स्थित शराब की दुकान के बाहर हुई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। जानकारी के मुताबिक, मोंटू शुक्रवार रात शराब की दुकान के बाहर खड़ा था, तभी कुछ युवकों से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी झगड़े में बदल गई, जिसके बाद आरोपियों ने कैंची से मोंटू पर ताबड़तोड़ वार किए। घायल मोंटू मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर विजय नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की और कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

## गाजियाबाद में महिलाओं ने थाना घेरा, नारेबाजी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के सीकरी खुर्द गांव में एक महिला के 4 दिन से लापता है। इस मामले में आज शाम ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। महिला का कोई सुराग न मिलने पर सैकड़ों ग्रामीण और महिलाएं मोदीनगर थाने पहुंचीं और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। जहां पुलिस को महिलाओं ने खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि हमारी लड़की पुलिस प्रशासन के पेट में है। पुलिस ने चूड़ी पहन लीं। गाजियाबाद के सीकरी खुर्द गांव की रहने वाली 30 साल की चेतना 4 दिन पहले घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन अब तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसी दिन पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवार का कहना है कि महिला के मोबाइल पर लगातार वेल जा रही है और उसकी लोकेशन मोदीनगर इलाके की आ रही है, लेकिन पुलिस अब तक न तो मोबाइल बरामद कर पाई है और न ही महिला का कोई पता चला है। महिला की बरामदगी को लेकर रविवार को गांव के सैकड़ों लोग और महिलाएं पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. बबली गुर्जर और राहुल प्रधान के नेतृत्व में थाने पहुंचे। वहां ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और महिला को जल्द से जल्द बरामद करने की मांग की।

# ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौके पर दर्दनाक मौत

**मकरंदापुर चौराहे के पास हुआ हादसा, ट्रैक्टर चालक फरार, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा**





**बीसलपुर।** दियोरिया-बीसलपुर हाइवे पर शनिवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। लकड़ी से भरी तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली ने युवक की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार ट्राली के नीचे आ गया, जिससे उसका सिर कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना मकरंदापुर चौराहे के पास की बताई जा रही है। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। चालक मौका पाकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिगंबर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

मृतक की पहचान शिवम गुप्ता (27 वर्ष) पुत्र आनंद कुमार गुप्ता निवासी दियोरिया के रूप में हुई। वह अपने घर से किसी कार्य से बीसलपुर जा रहा था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पिता आनंद गुप्ता दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। शिवम के तीन भाई-बहन हैं। बहन महिमा (25), भाई सत्यम (23) और छुट्टन (21)। मृतक अविवाहित था।

प्रभारी निरीक्षक दिगंबर सिंह ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई है। ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है और अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## ढाई साल का बच्चा खौलते पानी में गिरा, मौत

**एटा।** एटा में रविवार को ढाई साल का बच्चा खौलते पानी में सिर के बल गिर गया। इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। उसके नाक, मुंह और कान में पानी भर गया। घरवाले उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां रोते-रोते अस्पताल की सड़क पर ही बेसुध हो गई। चाचा, भतीजे का शव गोद में लेकर अस्पताल की बेंच पर फूट-फूटकर रोते रहे। घरवालों ने शव का पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया। उसको अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले गए। इकलौते बेटे की मौत से मां सदमे में है। पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मामला कोतवाली देहात क्षेत्र का है। बिजौली गांव में मुकेश की पत्नी प्रीती, ढाई साल का इकलौता बेटा आयुष और दो बेटियां नैंसी (10) व शिवांगी (8) रहती हैं। उनके साथ मुकेश के भाई संजय और मां गीता देवी भी रहते हैं। मुकेश जयपुर की एक डिटॉक्स कंपनी में काम करते हैं।

## धान क्रय केंद्र न खुलने से बिचौलियों की चांदी, किसानों को भारी नुकसान

**पूरनपुर क्षेत्र में किसानों को समर्थन मूल्य से वंचित होना पड़ा, धान औने-पौने दामों में बिक रहा**

**पूरनपुर।** इस बार पूरनपुर क्षेत्र में धान क्रय केंद्रों की संख्या सीमित होने और अधिकांश केंद्रों के न खुलने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रशासन द्वारा तीन अक्टूबर से धान खरीद शुरू करने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात बिल्कुल उलटे हैं। कई केंद्रों पर खरीद शुरू ही नहीं हुई है और जहां हुई है, वहां अव्यवस्थाएं हावी हैं।

किसानों का कहना है कि केंद्रों पर केवल कागजों में खरीद दिखाई जा रही है, जबकि असल में बिचौलिए सक्रिय हैं।

मजबूर होकर किसान अपनी फसल राइस मिलों, आढ़तियों और हाईवे किनारे बैठे बिचौलियों को औने-पौने दामों में बेचने पर विवश हैं। इस कारण किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय किसानों ने बताया कि बिचौलियों की मिलीभगत से पूरा सिस्टम धान व्यापारियों के पक्ष में काम कर रहा है।

वे नगद भुगतान का लालच देकर किसानों की फसल सस्ते दामों में खरीद रहे हैं और बाजार में ऊंचे दाम पर बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। इन दिनों पूरनपुर क्षेत्र की कई राइस मिलें और आढ़तें किसानों के धान से गुलजार हैं, जबकि सरकारी केंद्रों पर सन्नाटा पसरा है।

किसानों ने शासन से मांग की है कि शीघ्र सभी धान क्रय केंद्रों को सुचारू रूप से चालू कराया जाए, ताकि उन्हें उनके मेहनत की सही कीमत मिल सके।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले दिनों में किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## शार्ट न्यूज

### गन्ने के खेत में किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बीसलपुर।** बिलसंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम किशोरी के साथ गन्ने के खेत में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव का ही एक युवक किशोरी को चाकू की नोक पर खेत में खींच ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जानकारी के अनुसार, 16 वर्षीय किशोरी शाम करीब पांच बजे अपने घर से उपला थोपने (कंडे लगाने) के लिए खेत की ओर गई थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे युवक ने उसे पकड़ लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर युवक ने किशोरी पर चाकू से हमला कर उसे घायल भी कर दिया।किशोरी किसी तरह घर पहुंची और अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने तत्काल थाना बिलसंडा पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एफआईआर दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तीन वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** नाराहट पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें कोर्ट में पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन मे , अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे वांछित अभियुक्त/वारण्टीगण की गिरफ्तारी हेतु अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त/वारण्टीगण महेश पुत्र आशाराम उम्र करीब 47 वर्ष राकेश पुत्र आशाराम उम्र करीब 44 वर्ष दिनेश पुत्र हरीराम उम्र करीब 37 वर्ष निवासीगण ग्राम कलौथरा थाना नाराहट ललितपुर को सम्बन्धित केस नं0-3519/13 धारा- 147/323/504 भदवि, नियमानुसार गिरफ्तार कर सिविल जज जूडि न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाल टीम थाना प्रभारी उ. नि. महाराज सिंह उ. नि. भूपेन्द्र सिंह हे. क. प्रमोद कुमार हे.का. प्रवेन्द्र सिंह का. लवलेश कुमार आदि शामिल रहे।

### सहारनपुर में हरियाणवी सिंगर से धक्का-मुक्की

**सहारनपुर।** सहारनपुर में चल रही डॉ. कैलाशानंद गिरी महाराज की रामकथा में बवाल हो गया। हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा के साथ आए उनके क्कऔर पत्रकार को पुलिस ने धक्के मारकर निकाल दिया। इस पर मासूम शर्मा भी नाराज हो गए और बीच में ही कार्यक्रम छोड़कर चले गए। दरअसल, एनआरआई अजय गुप्ता और उनका परिवार रामकथा करा रहा है। पिछले 7 दिनों से यहां रामकथा चल रही है। जिसमें कई राजनेताओं से लेकर सेलिब्रिटी और क्रिकेटर भी आए। इसके लिए हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा और मीका सिंह को भी इनवाइट किया गया था। मासूम शर्मा के साथ आए उनके पीए और हरियाणी पत्रकार गुप्ता परिवार के लिए रिजर्व सीटों पर बैठ गए। इस पर गार्डों ने उनसे पीछे जाने को कहा। इसके बाद उनमें झगड़ा होने लगा। हंगामा होने पर कथा मैनेजर ने पुलिस बुलाकर पीए और पत्रकार को धक्के मारकर बाहर कर दिया। शिवधाम में 26 अक्टूबर से 7 दिन की रामकथा स्वामी डॉ. कैलाशानंद गिरी महाराज कर रहे थे। शनिवार (कल) को कथा का समापन था। इस दौरान कार्यक्रम में सिंगर मीका सिंह और हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा को गाने भी गाने थे।

### मथुरा में 10 साल की दलित बच्ची से रेप

**मथुरा।** मथुरा में 10 साल की दलित बच्ची के साथ दो नकाबपोश युवकों ने हैवानियत की। बच्ची को उठाकर मंदिर के पास ले गए। वहां बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंसा, फिर दरिंदगी की। राहगीरों को देखकर आरोपी डर गए और मौके से भाग गए। बच्ची किसी तरह से घर पहुंची। उसने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बच्ची जिला अस्पताल में भर्ती है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना मगोर्रा थाना के एक गांव में शनिवार शाम को हुई। मगोर्रा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले मजदूर की दो बेटियां गांव के बाहर कुएं पर कपड़े धो रही थीं। बड़ी बेटी ने बताया, %मैं कपड़े लेकर घर लौट आई, जबकि छोटी बहन अकेली रह गई। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो नकाबपोश युवक वहां पहुंचे। युवकों ने कुएं के पास बाइक खड़ी की। बहन के पास जाकर उससे पानी मांगा। वो पानी दे रही थी। इसी दौरान युवकों ने उसे पकड़ लिया। फिर उस जबरन पास के एक मंदिर के पास में ले गए। बहन चिल्लाने लगी तो दरिंदों ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### बहराइच में किशोरी का गला रेतकर हत्या

**बहराइच।** बहराइच में दो दिन से लापता 15 वर्षीय किशोरी का शव एक बाग में मिला है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। घटना रविवार शाम करीब 5 बजे कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के मंझरा गांव की है। मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतका की पहचान निशा पिता धनीराम निवासी सहजरामपुरवा के रूप में हुई है। बीते शुक्रवार से मृतका संदिग्ध परिस्थितियों में लापता थी। रविवार शाम को पिता धनीराम गांव के लोगों के साथ तलाश कर रहे थे, तभी उन्हें बाग में एक शव होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर परिवारजनों ने शव की पहचान की। निशा के गले पर धारदार हथियार से रेतने के गहरे निशान थे। परिवारजनों ने किशोरी का हत्या की आशंका जताई है। मृतका निशा के बड़े भाई प्रदीप की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों राधेश्याम पिता गुरुदास, रमेश पिता छोटे बराती और रमेश के दोस्त (अज्ञात) निवासी सहजरामपुरवा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल राम नरेश ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। अमृतपुर चौकी इंचार्ज अमित गुप्ता ने पुष्टि की कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### बदायूं में दो बाइकों की टक्कर, दो की मौत

**बदायूं।** बदायूं में रविवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा इस्लामनगर थाना क्षेत्र के कुंदावली गांव के पास हुआ। मरने वालों में एक हाथरस जिले का निवासी था, जबकि दूसरा बदायूं का राजमिस्त्री था। हाथरस जनपद के गौशाला रोज निवासी देवा (26) पुत्र सैलू अपने दोस्तों दीपक, शिवदीप और मनीष के साथ इस्लामनगर जा रहे थे। वे एक शादी के लिए कुछ जरूरी सामान लेने गए थे। बारात उघैती कस्बे में आनी थी।दूसरी बाइक पर इस्लामनगर थाना क्षेत्र के महरौला गांव निवासी राजमिस्त्री शमशाद (32) अपने दो मजदूरों सत्यनारायण और फहीम के साथ सवार थे। कुंदावली गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में सभी सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सीएचसी रुदायन ले जाया गया। सीएचसी रुदायन में डॉक्टरों ने देवा और शमशाद को मृत घोषित कर दिया। अन्य पांच घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस्लामनगर एसएचओ नरेश कुमार ने बताया कि दो लोगों की मौत हुई है और शवों को कब्जे में लिया जा रहा है।

## औरैया में व्यापारी की संदिग्ध हालात में मौत

**औरैया।** औरैया जिले के फफूंद कस्बे में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे सीएचसी दिबियापुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे ने उसकी लिव-इन पार्टनर पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मोतीपुर निवासी 32 वर्षीय आफताब के रूप में हुई है। वह बकरी का व्यापार करते थे। करीब 8 साल पहले उनकी शादी कानपुर निवासी सोनम से हुई थी। उनके एक बेटा और एक बेटी है। बाद में आफताब का कटरा मोहल्ला निवासी मैनाज से अफेयर हो गया। मैनाज भी शादीशुदा थी, लेकिन कुछ सालों से वह अपने पति को छोड़कर आफताब के साथ लिव-इन रिलेशन में रह रही थी। मैनाज के आने के बाद आफताब की पहली पत्नी सोनम बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई थी। रविवार देर शाम आफताब की तबीयत अचानक बिगड़ी। मैनाज उसे लेकर सीएचसी दिबियापुर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी पहुंचे आफताब के भतीजे चांद बाबू ने मैनाज पर जहर देकर आफताब की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं, मैनाज ने आरोपों को गलत बताते हुए अपनी सफाई दी। उसने बताया कि आफताब के सीने में दर्द उठा था। वह उसे एक व्यक्ति की मदद से औरैया ले गई थी, जहां से डॉक्टरों ने उसे बाहर ले जाने को कहा।

## झोपड़ी में सो रहे किसान को नेपाली हाथी ने रौंदा, मौत से गांव में मचा हड़कंप

**ढकिया महाराजपुर में देर रात हाथी का कहर, झोपड़ी तोड़ी, ग्रामीणों ने मशालें जलाकर भगाया**

**पूरनपुर।** नेपाल सीमा से सटे पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बराही रेंज क्षेत्र में नेपाली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की रात हाथी के हमले में खेत पर सो रहे किसान की मौत हो गई। हाथी ने किसान की झोपड़ी को तहस-नहस कर दिया और चारपाई पर सो रहे किसान को पैरों तले रौंद दिया।घटना माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया महाराजपुर की है।



यहां निवासी पुन्नू (58) शनिवार रात अपने खेत पर बनी झोपड़ी में सो रहे थे। देर रात जंगल की ओर से आया हाथी चिंघाड़ता हुआ खेत में पहुंचा और झोपड़ी पर हमला बोल दिया। हाथी ने पहले झोपड़ी को तोड़ा और फिर चारपाई पर सो रहे पुन्नू को पैरों तले कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने मशालें और टार्च जलाकर शोर मचाया, तब जाकर हाथी जंगल की ओर भागा। सूचना पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम रविवार सुबह मौके पर पहुंची।बराही रेंजर अरुण मोहन श्रीवास्तव और माधोटांडा इंस्पेक्टर अशोक पाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। झोपड़ी में रखा सामान भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त पाया गया।

ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सीमा पर कोई रोक नहीं है, हाथी हर बार नुकसान कर जाते हैं और विभाग सिर्फ रिपोर्ट बना देता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

## मजदूरों का भुगतान न मिलने पर ग्रामीणों ने शुरू की भूख हड़ताल

**अहिरवाड़ा गांव में मनरेगा के तहत काम का भुगतान महीनों से लंबित**

**बीसलपुर।** विकासखंड बीसलपुर की ग्राम पंचायत अहिरवाड़ा में मनरेगा मजदूरों ने भुगतान न मिलने से नाराज होकर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने मनरेगा के तहत कच्चा काम पूरा कर लिया था, लेकिन कई महीनों से भुगतान नहीं किया गया।



मजदूरों ने बताया कि उन्होंने रोजगार सेवक और ग्राम प्रधान के माध्यम से कई बार खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को शिकायती पत्र देकर भुगतान कराने की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर मजदूरों ने ब्लॉक परिसर में भूख हड़ताल शुरू कर दी।भूख हड़ताल पर बैठने वालों में रोजगार सेवक दलबीर सिंह, भूपराम, छैलू, मंगल सिंह, दयाशंकर, टीकाराम और तोताराम शामिल हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें शासन द्वारा जारी मजदूरी के पैसे महीनों से नहीं मिले हैं, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है।

## हमीरपुर में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**हमीरपुर।** हमीरपुर के बिवार में एक युवती ने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती चार दिन पहले ही अपनी ससुराल से मायके आई थी। उसने रात में अपने पति से फोन पर बात की थी, जिसके बाद रविवार सुबह यह कदम उठाया। निवादा गांव निवासी 20 वर्षीय नेहा पुत्री भूरेलाल अनुरागी का शव सुबह उसके कमरे में छत के कुंदे से साड़ी के सहारे लटका मिला। युवती की भाभी ने उसे फांसी पर लटका देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। नेहा की शादी गत मई माह में कुरारा थाना क्षेत्र के रिठौरा गांव निवासी अखिलेश पुत्र कमलेश के साथ हुई थी। वह चार दिन पहले ही अपनी ससुराल से मायके आई थी। घटना की जानकारी मिलने पर युवती के भाई पुष्पेंद्र ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया।

## पुलिस ने चलाया महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम



**ललितपुर।** मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गांव-गांव जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता , यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया ।महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया ।

## झांसी-आगरा ट्रैक पर ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

आगरा। झांसी-आगरा रेलवे ट्रैक पर जाजो रेलवे स्टेशन के पास एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। यह घटना थाना सैया के अंतर्गत गांव बख्शपुरा, उत्तर प्रदेश-राजस्थान सीमा के समीप बीती रात हुई। सूचना मिलने पर सैया पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव के पास मिले मोबाइल फोन से कुछ नंबरों पर संपर्क कर मृतक की शिनाख्त की।

मृतक की पहचान 28 वर्षीय संतोष के रूप में हुई, जो कासगंज जिले के नगला सैमरी, थाना कासगंज का निवासी था।

संतोष कुमार अपने गांव से ट्रेन द्वारा महाराष्ट्र के पुणे जा रहे थे, तभी अचानक ट्रेन से गिरने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा भेज दिया है। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है, और सूचना मिलते ही वे थाना सैयां पहुंच गए हैं।

## यातायात पुलिस ने शहर मे जागरूकता अभियान चलाया

**यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से की गयी कार्यवाही**

**ललितपुर।** यातायात पुलिस के द्वारा नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिस में आम लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शहर के बस स्टैण्ड व शहर क्षेत्र में चलाया जागरूकता अभियान। यातायात माह नवम्बर-2025 के शुभारम्भ अवसर पर पुलिस अधीक्षक, मो.मुश्ताक द्वारा यातायात माह को लेकर अपनी कार्ययोजनाओं को सभी नागरिकों को बताया गया था और लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी । पुलिस अधीक्षक, ललितपुर के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात माह शुरू होने के दूसरे दिन यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया ।



अभियान में यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर आगे भी यातायात नियमों का पालन करने की अपली की गयी , तो वहीं दूसरी ओर यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती भी दिखायी गयी । इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें ।दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये ।शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये ।चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की ।सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया ।

## लखनऊ में फीनिक्स पलासियो मॉल में शराब की दुकानें सील

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम ने बिना ट्रेड लाइसेंस वाली शराब दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की है। जोन- 4 टीम ने रविवार को हुसडिया चौराहा, कमता, साइबर हाइट्स, अहिमामऊ बाजार और फीनिक्स प्लासियो मॉल में छापा मारा। इस दौरान 9 शराब और बीयर की दुकानों को सील किया गया। निगम टीम ने विराम खंड-1 की मॉडल शॉप, कमता विक्रांत खंड मॉडल शॉप, साइबर हाइट्स के जाओ बार और जलवा बार, प्लासियो मॉल की दो लिकर शॉप्स और अहिमामऊ बाजार की अंग्रेजी शराब और बीयर शॉप को सील किया है।



### मॉडल शॉप को भी बंद किया

मल्हौर की एक मॉडल शॉप को भी बंद किया गया। नगर निगम का कहना है कि इसमें से कुछ दुकानों ने रविवार शाम तक लाइसेंस शुल्क जमा कर दिया, जिसके बाद नियमों के अनुसार उन्हें खोलने की अनुमति दी गई। इस सख्ती का मकसद शहर की व्यवसायिक गतिविधियों को नियमों के दायरे में लाना और निगम राजस्व को मजबूत करना है। निगम अधिनियम के तहत बार, होटल, रेस्टोरेंट, नर्सिंग होम, क्लिनिक, ईंट भट्ठा, पैथोलॉजी लैब, शराब और बीयर की दुकानें आदि के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य है।

अभियान की अगुआई जोनल अधिकारी संजय यादव ने की।

उनके साथ टैक्स सुपरिंटेंडेंट अनुराग उपाध्याय, बनारसी दास, टैक्स इंस्पेक्टर अजय वर्मा, विशाल श्रीवास्तव और लाइसेंस विभाग व ईटीएफ टीम मौजूद रहीं। पुलिस बल की मदद से यह कार्रवाई पूरी की गई।

## वाराणसी में वृद्धा की सड़क दुर्घटना में मौत

**वाराणसी।** बड़ागांव थानाक्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 62 वर्षीय वृद्धा खातुन की मौत हो गई। इस हादसे में उनके परिवार के तीन सदस्यों सहित चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, रामपुर बसनी गांव निवासी खातुन अपने परिजनों के साथ बिरांव स्थित एक दरगाह पर जियारत करने गई थीं। घर वापस लौटते समय, बड़ागांव थानाक्षेत्र में घटना स्थल के पास विपरीत दिशा से आ रही एक पिकअप ने उनके ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खातुन की मौके पर ही मौत हो गई। उनके पुत्र अब्बास अली (40 वर्ष), दामाद मुन्ना , पुत्री गुलफ्सा और ऑटो चालक शमीम गंभीर रूप से घायल हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### कुछ ग्रह खुद ही बना सकते हैं अपना पानी

**काठमांडू, एजेंसी।** कुछ ग्रह बाहरी पानी के लिए बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहने के बजाय खुद ही पानी बना सकते हैं। अब तक यह माना जाता था कि ऐसे जल-समृद्ध ग्रह अपने तारों से दूर बनते हैं और बाद में पास आ जाते हैं, क्योंकि सूरज की भयंकर गर्मी से पानी टिक नहीं पाता। हमारे सौरमंडल में भी एक स्नो लाइन होती है। इसके भीतर बने ग्रहों (जैसे शुक्र) पर पानी नहीं होता, जबकि इसके बाहर बने ग्रह (शनि, नेपच्यून) पर पानी और गैस की भरमार होती है। नए अध्ययन के अनुसार, अगर सही परिस्थितियां हों तो हाइड्रोजन और खनिजों की रासायनिक प्रक्रिया से ग्रहों के अंदर ही स्थानीय रूप से पानी बन सकता है। प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों में इसे तार्किक ढंग से समझाया गया है।

### पैनल में खराबी आने से फोर्ड ने वापस मंगाए 79,800 वाहन

**काठमांडू, एजेंसी।** फोर्ड मोटर कंपनी ने अमेरिका में लगभग 79,800 वाहनों को दरवाजे के पैनल और पिछली लाइटबार की खराबी के कारण वापस मंगाने की घोषणा की है। नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएचटीएसए) के अनुसार, इसमें 14,843 एफ-150 लाइटनिंग इलेक्ट्रिक पिकअप ट्रक शामिल हैं। इसके अलावा फोर्ड ने 34,481 री-मैन्युफैक्चर्ड 10आर80 ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन यूनिट्स भी वापस मंगाई हैं, जो कुछ फोर्ड और लिंकन वाहनों में मरम्मत के पुर्जों के रूप में उपयोग की गई थीं।

### किम का दावा-1969 में कोई चांद पर नहीं उतरा, नासा ने किया खारिज

**काठमांडू, एजेंसी।** हॉलीवुड अभिनेत्री किम कार्दशियन ने दावा किया कि 1969 में कोई चंद्रमा पर उतरा ही नहीं। हालांकि, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अभिनेत्री को इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि हम छह बार चांद पर जा चुके हैं। रियलिटी शो द कार्दशियन्स के हालिया एपिसोड में किम ने कहा कि मुझे लगता है कि अपोलो मिशन नकली था। इस पर नासा के कार्यवाहक प्रशासक सीन डफी ने सोशल मीडिया पर किम को टैग करते हुए लिखा, हम पहले भी छह बार चांद पर जा चुके हैं और अब आर्टेमिस मिशन के तहत दोबारा जा रहे हैं।

### इस्त्राइल के हाइफा में भारतीय फिल्म महोत्सव की शुरुआत

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्त्राइल के हाइफा में इस साल के दूसरे भारतीय फिल्म महोत्सव की जोरदार शुरुआत हो चुकी है। इस उद्घाटन समारोह में 200 से अधिक लोग शामिल हुए। दो सप्ताह तक चलने वाले इस उत्सव में पद्मावत, गंगूबाई काठियावाड़ी, जवान, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, अंधाधुन और 12वीं फेल जैसी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। पहला फिल्म महोत्सव फरवरी में हुआ था, जिसकी सफलता के बाद यह दूसरा संस्करण आयोजित किया गया है।

### नेपाल में 17 नई राजनीतिक पार्टियों ने पंजीकरण के लिए किया आवेदन

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में 5 मार्च 2026 को होने वाले आम चुनाव से पहले 17 नई राजनीतिक पार्टियों ने निर्वाचन आयोग (ईसी) में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। आयोग के प्रवक्ता नारायण भट्टराई ने बताया, इनमें से 7 पार्टियों ने 12 सितंबर को चुनाव तिथि घोषित होने के बाद, जबकि 10 ने उससे पहले आवेदन किया। नए आवेदनों के साथ आयोग में पंजीकृत पार्टियों की कुल संख्या अब 124 हो गई है। आयोग नए दलों के दस्तावेजों की समीक्षा कर रहा है।

### तंजानिया में आम चुनाव के बाद हिंसा, 700 से अधिक लोगों की मौत का दावा, दार-एस-सलाम में 350 की जान गई

**डोडोमा, एजेंसी।** तंजानिया में विवादित आम चुनावों के बाद भड़की हिंसा में 700 से अधिक लोगों की मौत होने का दावा किया गया है। विपक्षी पार्टी चडेमा ने शुक्रवार को कहा कि देशभर में हुई झड़पों में सैकड़ों लोग मारे गए हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से दस लोगों की मौत की पुष्टि की है। चडेमा के प्रवक्ता जॉन कितोका ने बताया कि सिर्फ दार-एस-सलाम में करीब 350 और म्वांजा क्षेत्र में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है। अन्य हिस्सों को जोड़ें तो संख्या लगभग 700 तक पहुंचती है। पार्टी का कहना है, आंकड़ा अस्पतालों के दौरे पर आधारित है। सरकार ने अब तक कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है। कहा है कि कुछ छिटपुट घटनाओं के बाद कानून-व्यवस्था बहाल की जा रही है।

# जमैका में लोग कीचड़-मलबे में खाना ढूंढ़ने पर मजबूर

## तूफान मेलिसा के बाद भूख-प्यास से परेशान; बाढ़ का पानी भरा, जानवर सड़ रहे



**किंग्सटन, एजेंसी।** जमैका में कैटेगरी-5 के हरिकेन मेलिसा के टकराने के बाद हालात खराब हो चुके हैं। ब्लैक रिवर शहर में लोग कीचड़ और मलबे में खाने-पीने का सामान खोज रहे हैं। कई लोग टूटी दुकानों और सुपरमार्केट से पानी की बोतलें और जरूरी चीजें निकाल रहे हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, तूफान के बाद पिछले तीन दिनों से शहर में अराजकता और भूख-प्यास का संकट है। सड़कों पर कीचड़, टूटी इमारतें, पलटी नावें और बिखरे वाहन चारों ओर तबाही की तस्वीर पेश कर रहे हैं। बिजली-पानी की सप्लाई बंद है। लोगों का परिवारों से संपर्क टूट गया है।

अब तक लोगों को मदद नही मिली बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों का कहना है कि अब तक इलाके में कोई राहत ट्रक नहीं पहुंचा है। वे सड़क पर पड़े मलबे या दुकानों में जो कुछ भी मिल रहा है, उसी से गुजारा कर रहे हैं।

एक स्थानीय युवक डेमर वॉकर ने कहा, हम सड़क पर जो भी मिल रहा है, वही खा रहे हैं। सुपरमार्केट से पानी लिया, लेकिन हमने दूसरों से भी साझा किया। पास की एक फार्मेसी और दुकानों में भी लूटपाट की घटनाएं हुईं। लोग कीचड़ में सनी दवाइयां और खाना उठाते दिखे। कई दुकानदार अपनी लूटी दुकानों के बाहर पहरा दे रहे हैं। राजधानी किंग्स्टन एयरपोर्ट पर राहत सामग्री पहुंचनी शुरू हो गई है, लेकिन छोटे एयरपोर्ट और सड़कें क्षतिग्रस्त होने से मदद देर से पहुंच रही है। सेना और राहत एजेंसियों के ट्रक रास्तों के टूटे हिस्सों से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं।

19 की मौत, हैती में भी 30 की जानें गई जमैका सरकार ने पुष्टि की है कि तूफान में 19 लोगों की मौत हुई है। हैती में भी 30 लोगों की मौत की खबर है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि शहर के 90% घर तबाह हो चुके हैं। अस्पताल, पुलिस स्टेशन और फायर स्टेशन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। शहर के मेयर ने कहा, ब्लैक रिवर पूरी तरह तबाह हो चुका है। लोग मजबूरी में सामान उठा रहे हैं, लेकिन हिंसा भी बढ़ रही है। एक मेडिकल वर्कर ने बताया कि फायर स्टेशन में चार से पांच फीट पानी भर गया था। बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोग घायल अवस्था में लाए गए। कई जगह ऐसे लोग मिले जो जिंदा नहीं बचे। शुक्रवार दोपहर सेना के हेलिकॉप्टर ब्लैक रिवर पहुंचे। इसके बाद सड़कों से भीड़ कम हुई।

## मेलिसा तूफान के बाद कैरिबियाई देशों की मदद में जुटे यूएन और सहयोगी संगठन



**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगी तूफान मेलिसा के बाद राहत सामग्री पहुंचाने और मदद समन्वयित करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की मानवीय संस्था ओसीएचए ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार ओसीएचए ने कहा कि जमेका, क्यूबा और हैती में लाखों लोग तूफान से प्रभावित हुए हैं और तुरंत मदद की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर महासचिव और आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ्लेचर ने कहा कि ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय सहयोग सिर्फ सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवनरेखा होता है।

क्यूबा के पूर्वी हिस्सों से गुजरे तूफान मेलिसा ने सैंटियागो, होलगुइन, ग्रान्मा और ग्वांतानामो में भारी तबाही मचाई है। कई क्षेत्र अभी भी कटे हुए हैं और सड़कों, रेल और हवाई मार्गों को नुकसान पहुंचा है, जिससे राहत कार्य मुश्किल हो रहे हैं। ओसीएचए ने बताया कि वह एक कार्य योजना बना रहा है ताकि राहत कार्य बेहतर तरीके से चल सकें। इसके लिए एक टीम मौके पर भेजी गई है और लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन क्षेत्रीय कार्यालय से भी सहायता मिल रही है। जमैका में सरकार खुद राहत कार्यों का नेतृत्व कर रही है और ओसीएचए कैरेबियन आपदा आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की टीमों के साथ मिलकर जरूरतों का आकलन कर रही है। खाद्य एवं कृषि संगठन, यूनिसेफ, यूएन जनसंख्या कोष और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन भी इन प्रयासों में शामिल हैं। हैती में, जहां पहले से ही मानवीय और हिंसक संकट गहरा हुआ है, संयुक्त राष्ट्र की टीमें सरकार के साथ मिलकर आश्रय, भोजन, जरूरी सामान और नकद सहायता जैसी तत्काल जरूरतों को पूरा करने में लगी हैं। कैरेबियाई क्षेत्र के कुछ हिस्सों में इस सदी का सबसे भयंकर तूफान कहे जा रहे मेलिसा ने भारी तबाही मचाई है। ताजा अपडेट के अनुसार इस भीषण तूफान में दर्जनों लोगों की मौत हो गई है।

## 'संवाद से बनता है भरोसा, एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत', आसियान बैठक में बोले मलयेशियाई रक्षा मंत्री





**कुआलालंपुर, एजेंसी।** आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान मलेशिया के रक्षा मंत्री मोहम्मद खालिद नोरदिन ने क्षेत्रीय सहयोग और संवाद की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विशेष है क्योंकि एडीएमएम प्लस की स्थापना को 15 वर्ष पूरे हो गए हैं और यह इस बात का प्रमाण है कि संवाद भरोसे को मजबूत करता है और एकता ही आसियान की सबसे बड़ी रक्षा है।

**वैश्विक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त :** नोरदिन ने कहा आज दुनिया ऐसी चुनौतियों का सामना कर रही है जो सीमाओं से परे हैं। साइबर हमलों से लेकर जलवायु परिवर्तन तक, खाद्य असुरक्षा से लेकर महामारी तक। साइबरस्पेस में शक्तिशाली गैर-राज्यीय तत्व समाजों को अस्थिर करने और सरकारों को चुनौती देने में सक्षम हो गए हैं। वहीं, जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाएं हर दिन हमारी सहनशीलता की परीक्षा ले रही हैं।

**अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय मूल्यों की रक्षा की अपील :** मलेशियाई रक्षा मंत्री ने कहा कि हर देश, बड़ा या छोटा, अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवता के उल्लंघन के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा हो। उन्होंने गाजा और फलस्तीन में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। नोरदिन ने कहा भूख और अभाव को युद्ध के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है। मलेशिया सभी देशों, विशेषकर बड़ी शक्तियों से आग्रह करता है कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार अपने प्रभाव का प्रयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि मलेशिया अमेरिका की गाजा संघर्ष को समाप्त करने की व्यापक योजना का स्वागत करता है।

## रिकॉर्ड समय में तियांगोंग स्पेस स्टेशन से जुड़ा चीन का शेंझोउ-21, छह माह तक इन बातों पर करेगा शोध



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने शनिवार को घोषणा की कि उसका शेंझोउ 21 अंतरिक्ष यान अपनी नवीनतम तीन सदस्यीय टीम के साथ देश के तियांगोंग स्पेस स्टेशन से रिकॉर्ड समय में जुड़ गया। पूरी डॉकिंग प्रक्रिया लगभग 3.5 घंटे चली, जो पिछले मिशनों की तुलना में तीन घंटे कम है। शेंझोउ 21 यान शुक्रवार रात 11:44 बजे जिउक्युआन लॉन्च सेंटर से उड़ान भरी।

बता दें कि टीम में मिशन कमांडर और पायलट झांग लू शामिल हैं, जो दो साल पहले शेंझोउ 15 मिशन में भी गए थे। अन्य दो सदस्य पहली बार अंतरिक्ष जा रहे हैं। 32 वर्षीय इंजीनियर वू फेई चीन के सबसे कम उम्र के अंतरिक्ष यात्री हैं। झांग होंगझांग एक पेलोड विशेषज्ञ हैं, जो पहले नए ऊर्जा और नए पदार्थों पर शोधकर्ता थे। झाग ने क्या स्पेस मिशन पर क्या कहा? झांग ने कहा कि टीम स्पेस स्टेशन में ताई ची, बागवानी और कविता पढ़ने जैसी गतिविधियों के जरिए इसे स्वर्ग जैसा बनाएगी। तीनों सदस्य लगभग छह महीने तक स्टेशन पर रहेंगे। अंतरिक्ष में रहकर वे बायोटेक्नोलॉजी, एयरोस्पेस मेडिसिन, मैटेरियल साइंस और अन्य क्षेत्रों में 27 वैज्ञानिक और व्यावहारिक परियोजनाओं पर काम करेंगे। अंतरिक्ष में चार चुहें भेज रहा चीन इतना ही नहीं इस बार चीन पहली बार अपने स्पेस स्टेशन में चूहों को भेज रहा है। कुल चार चूहे दो नर और दो मादा वजनहीनता और संगरोध के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए भेजे गए हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे छोटे जानवरों की अंतरिक्ष में प्रजनन और अनुकूलन तकनीक पर शोध में मदद मिलेगी। ये चूहे 300 उम्मीदवारों में से चुने गए और इनकी 60 दिनों तक कड़ी ट्रेनिंग हुई। ये चूहे शेंझोउ 20 के साथ पृथ्वी पर वापस आएंगे। क्या है चीन का अंतरिक्ष मिशन? गौरतलब है कि चीन ने 2003 में पहला मानवयुक्त मिशन लॉन्च किया और अमेरिका व सोवियत संघ के बाद तीसरा देश बना। चीन का लक्ष्य 2030 तक चंद्रमा पर मानव भेजना है। तियांगोंग स्पेस स्टेशन पूरी तरह चीन ने बनाया है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से अलग रखा गया है। चीन पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण के लिए भी सहयोग कर रहा है। भविष्य में एक पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्री को शॉर्ट मिशन पर भेजने की योजना है।

## न्यू मैक्सिको में तेल रिफाइनरी में धमाके के बाद लगी भीषण आग, कई लोग घायल

**न्यू मैक्सिको, एजेंसी।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको राज्य के आर्टेसिया शहर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां शुक्रवार को एक तेल रिफाइनरी में जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद वहां से घना धुआं उठने लगा और देखते ही देखते धुंआ शहर के कई हिस्सों में फैल गया। राहत और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया गया। मामले में आर्टेसिया पुलिस कमांडर पीट किनोनेस ने बताया कि धमाके में कोई मौत नहीं हुई, लेकिन कई लोग घायल हुए हैं। एडी काउंटी इमरजेंसी मैनेजर जेनिफर आर्मेन्डारिज़ ने कहा कि घायलों की संख्या फिलहाल स्पष्ट नहीं है।



**घटना के बाद सड़क कुछ समय के लिए बंद :** बता दें कि घटना के बाद प्रशासन ने रिफाइनरी के पास की सड़कों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था ताकि मेडिकल हेलीकॉप्टर को उतरने की जगह दी जा सके। दोपहर तक धुआं छंट गया और सड़कें दोबारा खोल दी गईं। यह धमाका एचएफ सिंक्लेयर नवाजो रिफाइनरी में हुआ, जो आर्टेसिया के मुख्य चौराहे के पास स्थित है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, इस रिफाइनरी की दैनिक क्षमता लगभग एक लाख बैरल कच्चे तेल की प्रोसेसिंग की है। हालांकि, घटना के समय प्लांट कितनी क्षमता पर काम कर रहा था, यह साफ नहीं हो सका है। गौरतलब है कि यह रिफाइनरी पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के बाजारों में तेल की आपूर्ति करती है और इसके साथ लगभग 105 किलोमीटर दूर लोविंगटन में भी कंपनी का एक और संयंत्र संचालित होता है।

## अमेरिका में हैलोवीन के मौके पर आतंकी हमला नाकाम, एफबीआई निदेशक काश पटेल का दावा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई के निदेशक काश पटेल ने दावा किया है कि मिशिगन में संभावित आतंकी हमले को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हैलोवीन सप्ताह के मौके पर कुछ संदिग्ध आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। हालांकि काश पटेल ने ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन विभिन्न रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मामला चरमपंथियों के समूह से जुड़ा है, जो हैलोवीन के मौके पर हमले की योजना बना रहे थे।

**काश पटेल ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी :** सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में काश पटेल ने कहा कि 'आज सुबह एफबीआई ने एक संभावित आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया और मिशिगन में कई लोगों को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर हैलोवीन सप्ताह पर एक हिंसक हमले की साजिश रच रहे थे। और ज्यादा जानकारी जल्द ही आएगी। एफबीआई और हर जगह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के उन सभी पुरुषों और महिलाओं को धन्यवाद जो 24 घंटे पहरा दे रहे हैं और देश की रक्षा करने के हमारे मिशन को पूरा कर रहे हैं।' हालांकि काश पटेल ने ये नहीं बताया कि एफबीआई ने मिशिगन में कहां कार्रवाई की, लेकिन मिशिगन पुलिस ने बताया कि डियरबोर्न इलाके में एफबीआई ने एक ऑपरेशन किया है।

**संदिग्धों के चरमपंथियों के संपर्क में होने का शक :** डियरबोर्न इलाका फोर्ड मोटर कंपनी के मुख्यालय के लिए प्रसिद्ध है और इस शहर में अरब अमेरिकी मूल की आबादी बड़ी संख्या में है। ये पता नहीं चल पाया है कि ये आतंकी हमला किस तरह का था। राष्ट्रपति ट्रंप के शासन में लैटिन अमेरिकी ड्रग तस्करों और फासीवादी विरोधी अभियान एंटीफा को भी आतंकी घोषित किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जांचकर्ताओं का मानना है कि यह साजिश इस्लामिक स्टेट के चरमपंथ से प्रेरित थी और जांच की जा रही है कि हिरासत में लिए गए लोग कहीं ऑनलाइन चरमपंथियों के संपर्क में तो नहीं थे। इस जांच में एक ऑनलाइन चैट रूम में हुई बातचीत शामिल है, जिसमें हिरासत में लिए गए कुछ संदिग्ध शामिल थे।

## 'एशिया-प्रशांत सहयोग का नया दौर शुरू', चीन में होगा अगला एपीईसी शिखर सम्मेलन, जिनपिंग ने की घोषणा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घोषणा की कि वर्ष 2026 का एपीईसी शिखर सम्मेलन चीन के शेनझेन शहर में आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 21 देशों के नेता शामिल होंगे। दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में संपन्न इस साल की बैठक के समापन सत्र में शी ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि शेनझेन, जो कभी एक छोटा मछली पकड़ने वाला गांव था, आज आधुनिक अंतरराष्ट्रीय महानगर बन चुका है। यह चीन के खुलेपन और विकास की कहानी का प्रतीक है। आने वाले साल में हम सब इसी शहर में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के विकास का नया अध्याय लिखेंगे।

**ट्रंप-शी बैठक बनी रही चर्चा का केंद्र :** इस साल के एपीईसी सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं। दोनों नेताओं के बीच टैरिफ और दुर्लभ खनिजों के व्यापार को लेकर नई सहमति बनी। ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका चीन पर लगाई गई फेंटानिल टैरिफ को 20% से घटाकर 10% करेगा।

इसके बदले चीन ने अमेरिका से सोयाबीन और सेमीकंडक्टर चिप्स के आयात को मंजूरी दी और दुर्लभ खनिजों के निर्यात नियंत्रण को हटाने पर सहमति जताई। ट्रंप ने कहा कि वह अप्रैल 2026 में चीन का दौरा करेंगे, जबकि शी जिनपिंग उसके बाद अमेरिका की यात्रा करेंगे। संभावना जताई जा रही है कि ट्रंप भी शेनझेन शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।



**क्षेत्रीय सहयोग और तकनीकी विकास पर जोर :** शी जिनपिंग ने अपने संबोधन में कहा एशिया-प्रशांत देशों को पारस्परिक सहयोग को और गहरा करना चाहिए, नई तकनीकों में खुला नवाचार अपनाना चाहिए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास को मानवता के हित में दिशा देनी चाहिए। उन्होंने विकसित देशों से विकासशील देशों को वित्तीय, तकनीकी और क्षमता निर्माण में सहयोग देने की अपील की। शी ने कहा कि एपीईसी की असली ताकत उसकी एकजुटता और साझा दृष्टिकोण में निहित है।

**चीन के लिए शेनझेन क्यों है खास :** शेनझेन चीन की आर्थिक क्रांति का केंद्र माना जाता है। 1980 के दशक में यह शहर चीन के पहले आर्थिक विशेष क्षेत्र के रूप में उभरा था। आज यहां तकनीकी, विनिर्माण और समुद्री व्यापार का मजबूत नेटवर्क है, जो इसे एपीईसी जैसे वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी के लिए आदर्श स्थान बनाता है।

## डिक्शनरी डॉट कॉम ने 6-7 को वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ऑनलाइन शब्दकोश, डिक्टशनरी डॉट कॉम का इस वर्ष का वर्ड ऑफ द ईयर कोई शब्द नहीं है। इस बार उसने वायरल शब्द या वाक्यांश '6-7' को इस श्रेणी में जगह दी, जो बच्चों-किशोरों में बहुत लोकप्रिय है। यह पीढ़ी इस वाक्यांश का अकसर इस्तेमाल करते हैं जबकि माता-पिता और शिक्षक इसे समझ नहीं पा रहे हैं। डिक्शनरी ने इसे तय करने के लिए सर्च इंजन, और शोशल मीडिया ट्रेंड्स का विश्लेषण किया।

# भारतीय टीम ने तीसरे टी20 में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की

**होबार्ट (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली है। भारतीय टीम की जीत में वाशिंगटन सुंदर की नाबाद 49 रनों की पारी के अलावा तिलक वर्मा की 29 रनों की पारी की अहम भूमिका रही। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम को जीत के लिए 187 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे भारतीय टीम ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारतीय पारी का आकर्षण सुंदर की पारी रही। सुंदर ने 23 गेंद में चार छक्के और तीन चौके लगाये।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत की पर वह अधिक देर नहीं टिक पाये। अभिषेक ने 16 गेंद में 2 चौके और 2 छक्के लगाकर 25 रन बाये। वह नाथन एलिस की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद एलिस ने शुभमन गिल को भी पेवेलियन भेजे दिया। शुभमन 15 रन ही बना पाये। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 24 रन बनाये। सूर्यकुमार के आउट होने के बाद अक्षर पटेल ने 17 रन बनाये और तिलक वर्मा के साथ पारी को आगे बढ़ाया। एलिस ने अक्षर को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा।

अक्षर पटेल के आउट होने के बाद तिलक ने सुंदर के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 रनों की अहम साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद तिलक 29 रन बनाकर जेवियर बार्टलेट की गेंद पर आउट को गये। इसके बाद . सुंदर ने जितेश शर्मा के साथ टीम को जीत दिलायी। जीतेश ने 22 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिस ने तीन विकेट लिए।

इससे पहले इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को बल्लेबाज के के लिए बुलाया था। मेजबान टीम की ओर से टिम डेविड ने 8 चौके और 5 छक्के लगाकर 38 गेंदों पर 74 रन बनाए। वहीं मार्कस स्टोइनिस ने 39 गेंदों पर 8 चौके और 2 छक्के लगाकर 64 रन बनाये। इस प्रकार मेजबानों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 186 रन बनाये।

वहीं भारतीय टीम की ओर से भारत अर्शदीप सिंह ने 3 और वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट जबकि एक विकेट शिवम दुबे ने लिया। वहीं इस मैच में इस मैच में भारतीय टीम ने तीन बदलाव करते हुए बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर और विकेटकीपर बल्लेबाज




जितेश शर्मा को शामिल किया है जबकि हर्षित राणा, कुलदीप यादव और संजू सैमसन को बाहर कर दिया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह ऑलराउंडर सीन एबॉट को शामिल किया है। पांच मैचों की इस सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था जबकि दूसरा ऑस्ट्रेलियाना ने चार विकेट से जीता था।

# रणजी ट्रॉफी में यशस्वी बल्ले से बरपा रहे कहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इन दिनों शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। हाल ही में वह टीम इंडिया के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए थे, जहां उन्हें वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, दुर्भाग्यवश उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। लेकिन भारत लौटते ही यशस्वी ने रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम मुंबई के लिए जोरदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को एक बार फिर अपनी काबिलियत का अहसास कराया।

रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी के मुकाबले में राजस्थान के खिलाफ खेलते हुए यशस्वी ने 67 रनों की शानदार पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 97 गेंदों का सामना किया और 8 चौके व 1 छक्का लगाया। शुरुआत में उन्होंने मुशीर खान के साथ मिलकर मुंबई के लिए पहले विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी की। मुशीर 97 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन यशस्वी ने अपनी लय बनाए रखी और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल ने पहले ही खुद को टीम इंडिया के लिए एक भरोसेमंद ओपनर के रूप में स्थापित कर लिया है। इस साल उन्होंने इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए सबका ध्यान खींचा था। वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की तीन पारियों में उन्होंने 219 रन बनाए, जिसमें 175 रन की यादगार पारी शामिल थी। इसी तरह, इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की थी और 10 पारियों में कुल 411 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल थे। लाल गेंद क्रिकेट में यशस्वी की निरंतरता और आत्मविश्वास ने उन्हें भारत के टेस्ट बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा बना दिया है। अब रणजी ट्रॉफी में उनकी वापसी यह साफ दर्शाती है कि यह युवा बल्लेबाज न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बल्कि घरेलू क्रिकेट में भी लगातार अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। यशस्वी का यह प्रदर्शन टीम इंडिया के लिए आने वाले समय में शुभ संकेत है, खासकर तब जब भारतीय क्रिकेट को युवा और भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों की जरूरत है।

# डेवाल्ड ब्रेविस ने रचा इतिहास, 2025 में एसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने




**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भले ही साउथ अफ्रीका को हार झेलनी पड़ी हो, लेकिन युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने इतिहास रच दिया। 22 वर्षीय इस स्टार खिलाड़ी ने 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बनकर बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफ्रीकी टीम महज 110 रन पर ढेर हो गई। पाकिस्तान की ओर से फहीम अशरफ ने 4 विकेट और सलमान मिर्जा ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए साइम अय्यूब ने मात्र 38 गेंदों पर नाबाद 71 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए पाकिस्तान को 13.1 ओवर में जीत दिला दी। इस जीत के साथ अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला और भी रोमांचक हो गया है।

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के (2025)**

डेवाल्ड ब्रेविस (दक्षिण अफ्रीका) - 50
हैरी ब्रुक (इंग्लैंड) - 46
अभिषेक शर्मा (भारत) - 43
शाई होप (वेस्टइंडीज) - 42
तनजीद हसन (बांग्लादेश) - 41.

# टीम इंडिया में आने दरवाजा खटखटा रहा वैभव सूर्यवंशी : धूमल

**– आईपीएल से लेकर टेस्ट क्रिकेट तक मचाया धमाल**



**होबार्ट (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। आईपीएल 2025 के बाद से वर्ल्ड क्रिकेट में चर्चा का केंद्र बने 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब भारतीय क्रिकेट का अगला बड़ा चेहरा माने जा रहे हैं। आईपीएल में अपने दमदार प्रदर्शन से पहचान बनाने वाले वैभव ने इसके बाद अंडर-19 स्तर पर भी लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। लिमिटेड ओवर क्रिकेट के साथ-साथ टेस्ट प्रारूप में भी उन्होंने अपने खेल का ऐसा नमूना पेश किया है, जिससे क्रिकेट विशेषज्ञ और फैंस दोनों ही दंग हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वैभव कब भारतीय सीनियर टीम की नीली जर्सी में नजर आएंगे।

आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने हाल ही में इस युवा बल्लेबाज की जमकर तारीफ की और कहा कि वैभव सूर्यवंशी टीम इंडिया के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷हम वर्षों से भारतीय क्रिकेट की बेंच स्ट्रेंथ की बात करते रहे हैं, और आज हमारे पास इसका जीता-जागता उदाहरण है एक 14 साल का प्रतिभाशाली खिलाड़ी, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए तैयार है।÷

धूमल ने इस मौके पर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ये दोनों अब भी भारतीय क्रिकेट के स्तंभ हैं और उनके अनुभव से युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिल रही है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में रोहित शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

धूमल ने कहा, ÷रोहित और कोहली जैसे खिलाड़ी केवल रन नहीं बनाते, बल्कि उदाहरण पेश करते हैं। रोहित ने जिस तरह से इस सीरीज में अपनी क्लास दिखाई, वह बताता है कि उनमें अब भी वैसी ही भूख और जुनून है जैसी करियर की शुरुआत में थी। यही वजह है कि भारतीय क्रिकेट दुनिया में इतनी मजबूती से खड़ा है क्योंकि हमारे पास अनुभव और नई प्रतिभा, दोनों का सही संतुलन है।÷

वैभव सूर्यवंशी का नाम अब केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक क्रिकेट जगत में गूंज रहा है। उनकी बल्लेबाजी में आक्रामकता के साथ परिपक्वता भी देखने को मिलती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर वह इसी लय में आगे बढ़ते रहे, तो आने वाले वर्षों में वह भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार बन सकते हैं। फिलहाल, फैंस बेसब्री से उस पल का इंतजार कर रहे हैं, जब यह 14 वर्षीय बल्लेबाज टीम इंडिया के लिए डेब्यू करते हुए मैदान पर उतरेगा।

# अर्शदीप ने सोशल मीडिया में रखी बात



मुम्बई । पिछले कुछ समय से शानदार प्रदर्शन के बाद भी पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाने से निराश भारतीय टीम के बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने सोशल मीडिया में अपनी बात रखी है । अर्शदीप ने लिखा है कि जैसे करोगे वैसा ही भरोगे । इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी । टीम प्रबंधन के इस रुख की प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों ने आलोचना की थी जिसके बाद तीसरे टी20 के लिए अर्शदीप को जगह मिली । अर्शदीप ने 65 टी20 अंतरराष्ट्रीयमें 101 विकेट हासिल किए हैं । इसके बाद भी पर्याप्त अवसर नहीं मिलने से नाराज अर्शदीप ने सोशल मीडिया में लिखा । , 'जो भी बीज आप बोते हैं आपके कर्म, वही फल आप काटते हैं ।' इस पोस्ट से साफ है कि ये तेज गेंदबाज टीम प्रबंधन के रवैये से नाराज है ।

# एकदिवसीय के बाद टी20 में भी खामोश है शुभमन का बल्ला



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के नये टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को भविष्य में तीनों ही प्रारुपों में कप्तान बनाये जाने की अटकलें हैं । चयन समिति और कोच गौतम गंभीर भविष्य में शुभमन को ही टी20 कप्तान बनाना चाहते हैं । इसी कारण उनको टी20 की उपकप्तानी दी गयी है पर इंग्लैंड दौरे के बाद से ही जिस प्रकार से शुभमन का बल्ला सीमित ओवरों टेस्ट और टी20 में नहीं चल रहा । उससे गंभीर की चिन्ता जरुर बढ़ गयी होगी । शुभमन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के तीनों मैचों में रन नहीं बना पाये । टी20 सीरीज के भी पहले दो मैच में वह विफल रहे । एशिया कप में भी वह बड़ी पारी नहीं खेल पाये । कुल मिलाकर देखा जाये तो वह पिछली 12 पारियों मे एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाये । ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टी20 सीरीज में खेले गए दो मैचों में उन्होंने 37 और 5 रन बनाए है । शुभमन ने टी20 में अंतिम बार अर्धशतक 13 जुलाई 2024 को जिम्बाब्वे के खिलाफ लगाया था । ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एकदिवीसय सीरीज में भी शुभमन विफल रहे थे । तीन मैचों की सीरीज में शुभमन गिल रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करते हुए सिर्फ 43 रन ही बना सके । उनका सबसे अधिक स्कोर 24 रन था ।

# रणजी ट्रॉफी में मोहम्मद शमी का जलवा, अगरतला में उमड़ा फैंस का सैलाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल के दिनों में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के बीच विवाद की खबरें सुर्खियों में रही थीं। शमी का कहना है कि वह पूरी तरह फिट हैं, फिर भी बिना किसी ठोस कारण के उन्हें टीम से बाहर रखा गया। वहीं, अगरकर ने उन्हें ड्रॉप करने के अपने अलग तर्क दिए थे। इस विवाद के बीच शमी ने अब मैदान पर अपने प्रदर्शन से जवाब देना शुरू कर दिया है। वह रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेलते हुए एक बार फिर शानदार गेंदबाजी के दम पर चर्चा में हैं।

त्रिपुरा के खिलाफ यह मुकाबला अगरतला के महाराजा बीर बिक्रम कॉलेज स्टेडियम में खेला जा रहा है। जैसे ही शहर में यह खबर फैली कि मोहम्मद शमी मैदान पर उतरने वाले हैं, बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी



स्टेडियम की ओर उमड़ पड़े। आमतौर पर रणजी ट्रॉफी के घरेलू मैचों में दर्शकों की तादाद बहुत कम होती है, लेकिन इस मैच में माहौल बिल्कुल अलग था। अनुमान के मुताबिक, करीब दो से तीन हजार दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे, जो केवल शमी की एक झलक पाने और उन्हें गेंदबाजी करते देखने पहुंचे थे।

फैंस स्टैंड्स से लगातार शमी के नाम के नारे लगाते रहे, जिससे माहौल रोमांचक बन गया। बारिश की वजह से पहले दिन का खेल केवल 60 ओवर तक ही हो पाया, जिसमें बंगाल की टीम ने एक विकेट खोकर 171 रन बनाए हैं। भले ही शमी को अभी बल्लेबाजी या गेंदबाजी का पूरा मौका नहीं मिला हो, लेकिन उनकी मौजूदगी ने मैच का आकर्षण कई गुना बढ़ा दिया है। शमी अब तक भारत के लिए 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वर्ल्ड कप 2023 में उन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से भारत को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों में शुमार रहे थे। रणजी ट्रॉफी में उनकी वापसी यह दिखाती है कि वह अब भी फिट और फॉर्म में हैं और शायद चयनकर्ताओं को अपने प्रदर्शन से जवाब देने के मूड में हैं।

# ऋषभ की दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ आक्रामक पारी, जमकर चौके, छक्के लगाये



नई दिल्ली । विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की कप्तानी करते हुए दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन किया है । इंग्लैंड दौरे पर चोटिल होने के बाद से ही खेल में वापसी करने वाले ऋषभ पंत इस मैच की पाहली पारी में 17 रन ही बना पाये पर दूसरी पारी मे उन्होंने अपने ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाज करते हुए जमकर चौके और छक्के लगाये । ऋषभ इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए 90 रन बनाकर आउट हुए । इस दौरान उन्होंने 11 चौके और 4 छक्के लगाए । ऋषभ ने 113 गेंदों पर 90 रन बनाये । वह तियान वैन वुरेन की गेंद पर आउट हो गए । ऋषभ इंग्लैंड दौरे में पैर के अंगूठे में फैक्चर के बाद से ही टीम से बाहर थे । अब इस पारी से उनका इसी माह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टेस्ट सीरीज के लिए मनोबल बढ़ा है ।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए जैमीसन और सोढ़ी को शामिल किया



**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने वेस्टइडीज के खिलाफ 5 नवंबर से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। अनुभवी तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा ऑलराउंडर नाथन स्मिथ को भी इस टीम में जबह मिली है।

भारत और श्रीलंका में अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए ये सीरीज दोनो ही टीमों के लिए काफी अहम रहेगी। वेस्टइंडीज की टीम जहां खराब दौर से गुजर रही है। वहीं कीव टीम का प्रदर्शन भी पिछले कुछ समय में खराब हुआ है। पूर्व कप्तान केन विलियमसन भी संन्यास लेने के कारण टी में नहीं होंगे जिसका भी उसे नुकसान होगा। बोर्ड ने कहा कि पांच खिलाड़ी फिन एलेन, लॉकी फर्ग्युसन, एडम मिल्ने, ग्लेन फिलिप्सऔर बेन सीयर्स अभी फिट नहीं है। इसलिए टीम से बाहर हैं। वहीं मैट हेनरी को ब्रेक दिया गया है। फिन के पैर में चोट लगी है जबकि फर्ग्युसन हैमस्ट्रिंग की चोट से परेशान हैं। इस खिलाड़ियों को विश्वकप से पहले फिट होने का भरोसा है।

**टीम इस प्रकार है-** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, रचिन रविंद्र, टिम रॉबिन्सन, टिम सीफर्ट (विकेट कीपर), नाथन स्मिथ और ईश सोढ़ी।

# इरफान पठान ने शुभमन गिल की फॉर्म पर उठाए सवाल, कहा– टीम पर बढ़ेगा यशस्वी को वापस लाने का दबाव

मुम्बई । पूर्व ऑलराउंडर राजेश बानिक का एक सड़क हादसे में निधन हो गया है । 40 साल के बानिक ने भारत की अंडर–19 टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेला था । वह अपने सरल स्वभाव के लिए जाते थे । उनके निधन की खबर से भारतीय क्रिकेट जगत में शोक की लहर छा गई है । प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश त्रिपुरा में अपने गृहनगर आनंदनगर में सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे । जिसके बाद उन्हें अगरतला के जीबीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी । बानिक ने घरेलू क्रिकेट में त्रिपुरा की ओर से कई अच्छी पारियां खेलीं हैं । इस क्रिकेटर ने साल 2002–03 के रणजी सत्र में त्रिपुरा की ओर से डेब्यू किया था । अपने करियर के दौरान उन्होंने 42 प्रथम श्रेणी मैच में 1469 रन बनाए और 6 अर्धशतक लगाये । त्रिपुरा क्रिकेट असोसिएशन के सचिव सुब्रत डे ने राजेश के निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा, 'यह बहुत बड़ी क्षति है । बानिक सिर्फ एक अच्छे खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि एक शानदार इंसान भी थे । उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों को पहचाना और आगे बढ़ने में मदद की । उनकी मौत हमारे लिए अपूरणीय क्षति है ।' खेल से संन्यास लेने के बाद बानिक ने क्रिकेट प्रशासन से भी भी जुड़े । उन्हें त्रिपुरा की अंडर–16 टीम का चयनकर्ता बनाया गया था । वे न सिर्फ एक अनुशासित खिलाड़ी थे बल्कि मैदान के बाहर भी एक मार्गदर्शक की तरह युवा खिलाड़िया की सहायता करते थे । इरफान पठान सहित कई पूर्व भारतीय खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर बानिक को श्रद्धांजलि दी है ।



# विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया, फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे

**–टेस्ट प्रारुप पर ध्यान देंगे**

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। विलियमसन ने 2024 के बाद से ही टी20 क्रिकेट नहीं खेला है और इस प्रारुप में पिछले कुछ समय से उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है। विलियमसन अब अपना पूरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट पर लगायेंगे और इसी को देखते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली आगामी एकदिवसीय सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। वह हालांकि फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे।।

इस पूर्व कप्तान ने कहा कि टी20 से सही संन्यास का सही समय है। उन्होंने कहा, मैं सभी से मिले समर्थन के साथ ही सहयोग के लिए भी आभारी हूं। खेल की यादों हमेश बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि आज देश में टी20 की काफी प्रतिभाएं हैं। उनके हटने से अब युवा खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा जिससे टीम की टी20 विश्वकप की तैयारी बेहतर तरीके से हो सकेगी। उन्होंने कप्तान मिचेल सेंटनर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं। साथ ही कहा कि अब टीम को इस प्रारुप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने तैयार रहना चाहिये। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि वह किसी न किसी रुप में खेल से जुड़े रहना चाहेंगे और इसके लिए बोर्ड के संपर्क में बने रहेंगे।

विलियमसन ने न्यूजीलैंड टीम की ओर से साल 2011 में टी20 डेब्यू किया था और कुछ ही समय में अंदर वह टीम के एक बड़े खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्होंने अभी तक 93 टी20ढ़ मैचों में कुल 2575 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 18 अर्धशतक लगाये। उनका सबसे अधिक स्कोर 95 रन रहा।

विलियमसन ने टी20 प्रारुप में सफल कप्तान की है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी से टीम को कई बार जीत दिलायी थी। उन्होंने न्यूजीलैंड की ओर से 75 टी20 मैचों में कप्तानी की है जिसमें टीम ने 39 मैचों टीम को जीत हासिल की जबकि 34 में उसे हार का सामना करना पड़ा। उनकी कप्तानी में टीम 2021, 2016 और 2022 टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी।



## पिडिलाइट को दूसरी छमाही में बिक्री में दो अंकीय वृद्धि की उम्मीद




**नई दिल्ली** पिडिलाइट के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि कंपनी को चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में दो अंक की अंतर्निहित मात्रा वृद्धि की उम्मीद है, जिसे इसके ब्रांड को आगे बढ़ाने के कदमों के साथ-साथ उत्पाद नवोन्मेषण और विपणन पहल से मदद मिलेगी। उन्होंने कंपनी के तिमाही नतीजों के बाद एक वर्चुअल मीडिया गोलमेज सम्मेलन में कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि दूसरी छमाही में उच्च एबिटा (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई) के साथ यह गति जारी रहेगी, क्योंकि उत्पादन लागत अभी भी स्थिर बनी हुई है। इसलिए पहली छमाही में हमने जो दोहरे अंक की मात्रा वृद्धि हासिल की है, हम दूसरी छमाही में भी उसी गति को जारी रखना चाहते हैं। एडहेसिव, सीलेंट और निर्माण रसायन बनाने वाली इस कंपनी की सितंबर तिमाही की एकीकृत शुद्ध बिक्री 9.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,540 करोड़ रुपये रही है। इसके अलावा, इसके एबिटा में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विकोल, एम-सील, फेविक्विक, डॉ. फिक्सिट और एराल्डाइट बनाने वाली इस कंपनी ने चुनौतीपूर्ण वृहद आर्थिक माहौल में भी क्रमिक सुधार और बेहतर परिचालन मार्जिन के साथ दोहरे अंक की अंतर्निहित मात्रा में बढ़त दर्ज की है।

## सितंबर में चाय का उत्पादन 5.9 फीसदी कम हुआ

**कोलकाता** सितंबर, 2025 के दौरान चाय का उत्पादन 5.9 प्रतिशत घटकर 15.99 करोड़ किलोग्राम रह गया है। पिछले साल समान अवधि में यह 16.99 करोड़ किलोग्राम था। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार सितंबर, 2025 के दौरान असम में चाय उत्पादन 9.47 करोड़ किलोग्राम पर लगभग स्थिर रहा, जबकि 2024 की इसी अवधि में यह 9.40 करोड़ किलोग्राम था। पश्चिम बंगाल में चाय उत्पादन घटकर चार करोड़ किलोग्राम से कुछ अधिक रहा, जो 2024 के इसी महीने में 4.83 करोड़ किलोग्राम था। उत्तर भारत, जिसमें असम और पश्चिम बंगाल राज्य शामिल हैं, में चाय उत्पादन सितंबर, 2025 में घटकर 13.86 करोड़ किलोग्राम रह गया, जो 2024 के इसी महीने में 14.69 करोड़ किलोग्राम था। आंकड़ों के अनुसार दक्षिण भारत में सितंबर, 2025 में उत्पादन मामूली रूप से घटकर 2.12 करोड़ किलोग्राम रह गया, जबकि 2024 के इसी महीने में यह 2.29 करोड़ किलोग्राम था।

## प्रधानमंत्री मोदी 3 नवंबर को करेंगे ईएसटीआईसी का उदघाटन

ESTIC-2025
EMERGING SCIENCE, TECHNOLOGY AND INNOVATION CONCLAVE

**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सुबह 9:30 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव (ईएसटीआईसी 2025) का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। कॉन्क्लेव का उद्देश्य देश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट और इनोवेशन इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री इस मौके पर 1 लाख करोड़ रुपए के रिसर्च एंड डेवलपमेंट और इनोवेशन (आरडीआई) स्कीम फंड की भी शुरुआत करेंगे। यह योजना विशेष रूप से निजी क्षेत्र संचालित रिसर्च और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए है। 3 से 5 नवंबर तक आयोजित इस सम्मेलन में 3,000 से अधिक प्रतिभागी, नोबेल पुरस्कार विजेता, वैज्ञानिक, इनोवेटर्स और पॉलिसी मेकर्स शामिल होंगे। चर्चा के प्रमुख क्षेत्र हैंः एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्पेस, हेल्थ, एनर्जी, बायो-मैन्युफैक्चरिंग और अन्य।

# अदाणी सोलर ने 15,000 मेगावाट सौर मॉड्यूल वितरित कर इतिहास रचा

**नई दिल्ली**

अदाणी सोलर ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल 15,000 मेगावाट सौर मॉड्यूल भेजकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसमें से 10,000 मेगावाट भारत में तैनात किए गए और 5,000 मेगावाट विदेशों में निर्यात हुए। यह लगभग 2.8 करोड़ मॉड्यूल के बराबर है, जो 7,500 फुटबॉल मैदानों को कवर कर सकते हैं। कंपनी के लगभग 70 प्रतिशत मॉड्यूल भारत में बने सौर सेल का उपयोग करके उत्पादित किए गए हैं। इससे 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत पहल को मजबूत समर्थन मिलता है। अदाणी सोलर अगले वित्त वर्ष तक अपनी उत्पादन क्षमता को 4,000 मेगावाट से बढ़ाकर 10,000 मेगावाट करने का लक्ष्य रखती है। इसके अलावा आने वाले वर्षों में अतिरिक्त 15,000 मेगावाट उत्पादन करने की योजना है। एक शोध फर्म ने अदाणी सोलर को दुनिया के शीर्ष 10 सौर मॉड्यूल उत्पादकों में शामिल किया है और यह एकमात्र भारतीय कंपनी है। कंपनी 550 से अधिक जिलों में अपने 35 चैनल पार्टनर के माध्यम से देश का सबसे बड़ा सौर मॉड्यूल वितरण नेटवर्क संचालित करती है। अदाणी सोलर की खेप 50 लाख घरों को सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है, 2,500 हरित नौकरियाँ सृजित करेगी, और सालाना 6 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन




कम कर सकती है। यह 65,000 किलोमीटर तक फैले मॉड्यूल पृथ्वी का 1.5 बार चक्कर लगाने के बराबर हैं। 2014 में भारत की सौर क्षमता 2.3 गीगावाट थी, जो 2025 तक लगभग 100 गीगावाट होने का अनुमान है।

## एचयूएल को 1,987 करोड़ का कर नोटिस, कंपनी करेगी अपील

Hindustan Unilever Limited

**मुंबई** हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कर अधिकारियों से लगभग 1,987 करोड़ रुपए का नोटिस मिला है। इसमें संबंधित पक्षों से लेन-देन के मूल्यांकन और डिप्रीशिएशन के दावों पर सवाल उठाए गए हैं। कंपनी ने कहा कि इसका उसके वित्तीय परिणाम या संचालन पर कोई महत्वपूर्ण असर नहीं होगा और वह नोटिस के खिलाफ अपील करेगी। एचयूएल ने` वित्त वर्ष 21 में कुल शुद्ध लाभ 3.8 फीसदी बढ़कर 2,694 करोड़ रुपए दर्ज किया। राजस्व में 2.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और वॉल्यूम ग्रोथ स्थिर रही। ऐ बि टिडा मार्जिन 23.2 फीसदी रहा, जो पिछले साल की तुलना में 90 बेसिस प्वॉइंट कम है। कर और अपवादात्मक मदों से पहले लाभ 4.8 फीसदी गिरकर 3,386 करोड़ रुपए रहा।

## आरबीआई का ताजा अपडेट.....5817 करोड़ के 2 हजार के नोट बैंकिग सिस्टम में वापस नहीं आए

**नई दिल्ली** देशभर में फिर 2000 रुपये के नोट सुर्खियों में हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने ताजा आंकड़े बताते हैं कि 2000 रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने की प्रक्रिया शुरू होने के डेढ़ साल बाद भी 5817 करोड़ रुपये मूल्य के ये नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस नहीं आए हैं। यह खुलासा तब हुआ है, जब अधिकांश लोग मान चुके थे कि ये नोट पूरी तरह से सिस्टम से गायब हो चुके हैं। आरबीआई ने कहा कि 19 मई 2023 को जब 2000 रुपये के नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी, तब इनकी कुल वैल्यू 3.56 लाख करोड़ रुपये थी। अब यह घटकर मात्र 5817 करोड़ रुपये रह गई है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, अब तक 98.37 प्रतिशत 2000 रुपये के नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने साफ किया है कि 2000 रुपये के नोट अभी भी कानूनी मुद्रा हैं और किसी भी लेन-देन में इन्हें स्वीकार कर सकते है। हालांकि, इनकी छपाई पूरी तरह बंद है और बैंक इन्हें फिर से जारी नहीं कर रहे हैं। वापसी की सुविधा को आसान बनाने के लिए आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में 19 मई 2023 से ही इन नोटों को जमा या एक्सचेंज करने की व्यवस्था है। 9 अक्टूबर 2023 से यह प्रक्रिया और सरल कर दी गई। अब लोग इंडिया पोस्ट के माध्यम से अपने 2000 रुपये के नोट किसी भी आरबीआई कार्यालय में भेजकर अपने बैंक खाते में जमा करवा सकते हैं। आरबीआई ने कहा कि वह समय-समय पर 2000 रुपये के नोटों की वापसी की स्थिति पर अपडेट जारी करता रहेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि कुछ नोट ग्रामीण क्षेत्रों या नकद-आधारित कारोबारों में अभी भी फंसे हो सकते हैं। वहीं, कई लोग इन्हें स्मृति चिह्न या संग्रह के रूप में सुरक्षित रखे हुए हैं।

# आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

### रुपया और डॉलर की चाल निवेशक सेंटीमेंट को प्रभावित करेगी

**मुंबई**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू अर्थव्यवस्था के आंइकड़े और वैश्विक कारक बाजार को दिशा देंगे। इस आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई कड़े जारी होने हैं। इसके अलावा, अक्टूबर के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और वाहनों की बिक्री से शनिवार को आये आंकड़ों का असर भी सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों की चाल कई बड़े कारकों पर निर्भर करेगी, जिनमें दूसरी तिमाही के कॉर्पोरेट रिजल्ट्स, मैक्रोइकॉनॉमिक डेटा रिलीज और ग्लोबल ट्रेंड्स सबसे अहम रहेंगे। हालांकि सप्ताह छोटा रहेगा क्योंकि बुधवार को गुरु नानक गुरुपुरब के अवसर पर बाजार बंद रहेगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस हफ्ते का ट्रेडिंग सेशन भले छोटा है, लेकिन यह इवेंटफुल रहेगा। कई बड़ी कंपनियों के रिजल्ट्स इस हफ्ते आने वाले हैं, जो बाजार की दिशा तय करेंगे। इसके साथ ही एचएसबीसी मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई, सर्विसेज पीएमआई और कंपोजिट पीएमआई जैसे डेटा घरेलू ग्रोथ की रफ्तार पर संकेत देंगे।इस हफ्ते जिन बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं, उनमें शामिल हैं, भारती एयरटेल, टाइटल, अदनी इंटरप्राइजेस, अदाणी पोर्ट, इंटरग्लोब एक्शन, मे हिंद्रा एंड मे हिंद्रा, स्टेट बैंक ऑफ इं डिया, ल्यु पिन, बजाज आटो और हिंडाल्को इन सभी कंपनियों के नतीजे बाजार की सेंटीमेंट को शॉर्ट टर्म में प्रभावित कर सकते हैं। घरेलू आर्थिक मोर्चे पर निवेशकों की नज़र इस हफ्ते जारी




होने वाले एचएसबीसी पीएमआई डेटा पर रहेगी। मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस और कंपोजिट पीएमआई रीडिंग्स यह दिखाएंगी कि भारत की आर्थिक गतिविधियों में कितनी मजबूती या सुस्ती है। इसके अलावा, रुपया-डॉलर की चाल और क्रूड ऑयल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी बाजार को दिशा देंगे। इस हफ्ते मैक्रो डेटा का कैलेंडर व्यस्त रहेगा। भारत और दुनिया के बड़े देशों के पीएमआई से वैश्विक ग्रोथ की झलक मिलेगी। इसके अलावा, रुपया और डॉलर की चाल निवेशक सेंटीमेंट को प्रभावित करेगी। बाजार की निगाह इस हफ्ते ग्लोबल डेवलपमेंट्स पर भी रहेगी. अमेरिका और भारत के बीच चल रही ट्रेड टॉक्स, चीन और यूरोप के इंडस्ट्रियल आउटपुट डेटा, और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड्स जैसे फैक्टर्स पर विशेषज्ञ करीब से नज़र रखेंगे।

# वाणिज्य मंत्रालय ने भंडार आधारित ई-कॉमर्स निर्यात पर विभिन्न विभागों से विचार मांगे

### कंपनी का मुख्य उददेश्य, छोटे खुदरा विक्रेताओं को प्रभावित किए बिना भारत के निर्यात को बढ़ावा देना

**नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों से ई-कॉमर्स में भंडार-आधारित मॉडल में केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए एफडीआई की अनुमति देने पर विचार मांगा है। मंत्रालय ने इस संबंध में एक नोट जारी किया है। अधिकारियों के अनुसार, प्रस्ताव का लक्ष्य छोटे खुदरा विक्रेताओं को प्रभावित किए बिना भारत के निर्यात को बढ़ावा देना है। वर्तमान में देश की एफडीआई नीति ई-कॉमर्स के भंडार-आधारित मॉडल में विदेशी निवेश की अनुमति नहीं देती है। केवल मार्केटप्लेस मॉडल के माध्यम से काम करने वाली कंपनियों, जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट में स्वतः मंजूर मार्ग से इसकी 100 प्रतिशत अनुमति है। अधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव मौजूदा एफडीआई नीति के अनुपालन में, ई-कॉमर्स इकाइयों को ई-कॉमर्स के इन्वेंट्री-आधारित मॉडल में, विशेष रूप से भारत में निर्मित या उत्पादित वस्तुओं और उत्पादों के निर्यात के लिए अनुमति देने का है। एफडीआई नीति के अनुसार ई-कॉमर्स के भंडार-




आधारित मॉडल का अर्थ ऐसी ई-कॉमर्स गतिविधि है जहां वस्तुओं और सेवाओं की इन्वेंट्री का स्वामित्व ई-कॉमर्स इकाइयों के पास होता है। दूसरी ओर, ई-कॉमर्स के बाजार-आधारित मॉडल का अर्थ है, किसी ई-कॉमर्स इकाई द्वारा डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर एक सूचना प्रौद्योगिकी मंच प्रदान करना जो क्रेता और विक्रेता के बीच एक सूत्रधार के रूप में कार्य करे।

## अक्टूबर में यूपीआई ने बनाया नया रिकॉर्ड

### रोजाना हुए 668 मिलियन ट्रांजेक्शन



**नई दिल्ली** अक्टूबर 2025 में भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया। अक्टूबा में 20.7 अरब लेनदेन हुए जिनका कुल मूल्य *27.28 लाख करोड़ रुपए रहा, जो सितंबर की तुलना में क्रमशः 5 और 10 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। यह उछाल मुख्य रूप से त्योहारों के मौसम और जीएसटी 2.0 से मिले प्रोत्साहन के कारण देखने को मिला। पेनियरबी के एक अे धिकारी ने कहा कि यूपीआई ने छोटे-बड़े व्यापारों को आसान, सुरक्षित और भरोसेमंद लेनदेन का अनुभव दिया है। साल-दर-साल लेनदेन में 25 फीसदी और मूल्य में 16 फीसदी वृद्धि यह दिखाती है कि भारत तेजी से डिजिटल भुगतान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही आईएमपीएस, फास्टटैग और एईपीएस जैसे अन्य प्लेटफॉर्मों पर भी क्रमशः 3, 8 और 6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, पाम-पामोलीन तेल में गिरावट

▸▸ **महंगे सरसों के कारण लिवाली प्रभावित हुई, मांग कम होने से तेल-तिलहन की कीमतें दबाव में**

**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह महंगे सरसों के कारण लिवाली प्रभावित रही, जिससे सरसों तेल-तिलहन की कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। लिवाली प्रभावित होने से सरसों तेल-तिलहन, लागत से कम दाम पर बिकवाली से सोयाबीन तेल, मलेशिया में बाजार टूटने से पाम एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखी गई। दूसरी ओर, कम हाजिर दाम पर किसानों की बिकवाली घटने से सोयाबीन तिलहन, उत्पादक राज्यों में बरसात के मौसम के कारण आवक प्रभावित होने से मूंगफली तेल-तिलहन एवं बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह भी महंगे सरसों की लिवाली प्रभावित रहने के कारण सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही। वहीं महाराष्ट्र, गुजरात और कुछ अन्य राज्यों में बरसात जैसे मौसम की वजह से मंडियों में कमजोर आवक के कारण सोयाबीन तिलहन, मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। बीते सप्ताह सरसों दाना 50 रुपये की गिरावट के साथ 6,950-7,000 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों दादरी तेल 50 रुपये की गिरावट के साथ 14,600 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 20-20 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः2,440-2,540 रुपये और 2,440-2,575 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।



समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 50-50 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 4,475-4,525 रुपये और 4,175-4,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। दूसरी ओर सोयाबीन दिल्ली तेल का दाम 200 रुपये की गिरावट के साथ 13,200 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन इंदौर तेल का दाम 200 रुपये की गिरावट के साथ 12,900 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 150 रुपये की गिरावट के साथ 10,075 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार का मार्केट कैप 95,447 करोड़ बढ़ा

### रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक लाभ हुआ

**मुंबई**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 95,447.38 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक लाभ हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्य 47,431.32 करोड़ रुपये बढ़कर 20,11,602.06 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 30,091.82 करोड़ रुपये का इजाफा किया और इसका मूल्यांकन 8,64,908.87 करोड़ रुपये पर रहा। भारती एयरटेल का बाजार मूल्य 14,540.37 करोड़ रुपये बढ़कर 11,71,554.56 करोड़ रुपये हुआ और एलआईसी ने 3,383.87 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,65,897.54 करोड़ रुपये का मूल्यांकन हासिल किया। वहीं शीर्ष 10 कंपनियों में छह कंपनियों के बाजार मूल्य में गिरावट देखी गई, जो कुल 91,685.94 करोड़ रुपये रही। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 29,090.12 करोड़ रुपये घटकर 6,48,756.24 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की गिरावट 21,618.9 करोड़ रुपये रही और इसका मूल्यांकन 9,61,127.86 करोड़ रुपये पर पहुंचा। इन्फोसिस 17,822.38 करोड़ रुपये घटकर 6,15,890 करोड़ रुपये पर आ गई, जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 11,924.17 करोड़ रुपये घटकर 5,79,561.93 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक और टीसीएस के बाजार मूल्य में क्रमशः 9,547.96 करोड़ रुपये और 1,682.41 करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई। समीक्षाधीन सप्ताह में




टॉप 10 कंपनियों की रैंकिंग में बड़े बदलाव नहीं हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

## डिजिटल गोल्ड का बढ़ता चलन, अब मोबाइल ऐप पर भी चमक रहा 'सोना'



### डिजिटल गोल्ड अभी तक आरबीआई या सेबी के रेगुलेशन के अंतर्गत नहीं आता

**नई दिल्ली**

भारत में सोना सिर्फ एक निवेश नहीं, बल्कि भावनाओं का प्रतीक है। शादी-ब्याह से लेकर शुभ अवसरों तक, हर घर में कभी न कभी सोना खरीदा गया है। लेकिन अब वक्त बदल रहा है। पारंपरिक ज्वेलरी दुकानों की जगह अब मोबाइल ऐप्स ने ले ली है। पेटीएम, फोनपे और ग्रो जैसे प्लेटफॉर्म अब लोगों को सिर्फ 10 रुपए से 24 कैरेट सोने में निवेश की सुविधा दे रहे हैं। डिजिटल गोल्ड का अर्थ है ऐसा सोना जो ऑनलाइन खरीदा जाता है, लेकिन असल में सुरक्षित वॉल्ट में एमएमटीसी-पीएएमपी या सेफगोल्ड जैसी कंपनियों द्वारा रखा जाता है।

यानी आपका सोना मौजूद रहता है, बस वह आपके घर की बजाय सुरक्षित लॉकर में होता है। इसे कभी भी खरीदा या बेचा जा सकता है, और रकम तुरंत बैंक खाते में आ जाती है।

इसके मुकाबले फिजिकल गोल्ड अब भी भारतीयों की पहली पसंद है क्योंकि यह हाथ में होता है और जरूरत के समय तुरंत काम आता है। हालांकि, इसमें मेकिंग चार्ज, शुद्धता की जांच और चोरी का खतरा जैसी दिक्कतें भी हैं।

वहीं, डिजिटल गोल्ड सुविधाजनक होने के बावजूद अभी तक आरबीआई या सेबी के रेगुलेशन के अंतर्गत नहीं आता और 2 लाख रुपए तक की सीमा रखता है। टैक्स के मामले में दोनों समान हैं, तीन साल के भीतर बेचने पर मुनाफा आपकी इनकम में जुड़ता है, जबकि तीन साल बाद 20 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स लगता है। छोटे निवेशकों के लिए डिजिटल गोल्ड एक आसान और सुरक्षित विकल्प बन रहा है। लेकिन जो लोग सोना पहनने या घर में रखने की सोचते हैं, उनके लिए असली सोना ही बेहतर रहेगा।

## सैमसंग और महिंद्रा ने मिलकर किया डिजीटल कार की फीचर लॉन्च




**नई दिल्ली**

भारत में सैमसंग कंपनी ने महिंद्रा की इलेक्ट्रिक एसयूवी के लिए डिजीटल कार की फीचर लॉन्च किया है। अब सिर्फ फोन निकालिए, एक टैप कीजिए और कार सफर के लिए तैयार हो जाएगी। इस टेक्नोलॉजी की मदद से गैलेक्सी स्मार्टफोन यूजर्स बिना फिजिकल चाबी के अपनी गाड़ी को लॉक, अनलॉक और स्टार्ट कर सकेंगे। महिंद्रा इस डिजिटल इनोवेशन को अपनाने वाली भारत की पहली ऑटोमोबाइल कंपनी बन गई है। यह फीचर फिलहाल कंपनी की एक्सईवी 9ई और बीई 6 इलेक्ट्रिक एसयूवी में उपलब्ध कराया गया है। इन गाड़ियों के मालिक अब सैमसंग वालेट ऐप के जरिए अपनी कार को पूरी तरह से कंट्रोल कर पाएंगे, जिससे उन्हें हर वक्त फिजिकल चाबी साथ रखने की जरूरत नहीं होगी।

इस डिजिटल कार-की का इस्तेमाल करना बेहद आसान है। यूजर को अपनी महिंद्रा ईवी को सैमसंग वालेट में लिंक करना होगा। इसके बाद फोन एनएफसी या अल्ट्रा-वाइडबंद तकनीक से कार से कनेक्ट हो जाएगा। जैसे ही यूजर कार के पास पहुंचेगा, वाहन अपने आप अनलॉक हो जाएगा और अंदर बैठने पर सिर्फ एक टैप से इंजन स्टार्ट किया जा सकेगा। इस फीचर की सबसे दिलचस्प बात यह है कि डिजिटल की को दूसरे लोगों के साथ भी शेयर किया जा सकता है। यूजर चाहें तो सीमित समय के लिए किसी परिवार सदस्य या दोस्त को एक्सेस दे सकते हैं।

निर्धारित समय पूरा होते ही यह एक्सेस अपने आप समाप्त हो जाएगा। अगर यूजर का फोन खो जाता है, तो सैमसंग फाइंड सर्विस की मदद से वह अपना डिवाइस रिमोटली लॉक या डाटा डिलीट कर सकता है। इसके साथ ही डिजिटल की भी तुरंत डिसेबल हो जाएगी। बायोमीट्रिक ऑथेंटिकेशन और पीआईएन वेरिफिकेशन जैसे मजबूत सिक्योरिटी लेयर यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी अनधिकृत व्यक्ति आपकी कार को एक्सेस न कर सके। सिक्योरिटी के लिहाज से यह फीचर पूरी तरह सुरक्षित है।



# 'द ताज स्टोरी' की कंट्रोवर्सी पर परेश रावल ने तोड़ी चुप्पी

परेश रावल का कहना है कि फिल्म 'द ताज स्टोरी' में कोई झूठ नहीं है। उनका दावा है कि यह फिल्म विश्व प्रसिद्ध स्मारक यानी ताजमहल के बारे में तथ्य ही पेश करती है। इससे आगे चलकर पर्यटन को ही बढ़ावा मिलेगा।

### परेश रावल को फिल्म की रिसर्च अच्छी लगी

बातचीत में परेश रावल ने कहा, 'हमारे सिनेमा में बहुत सारा छल-कपट और झूठ है। लेकिन हमारी फिल्म में कोई झूठ नहीं है, सिर्फ तथ्य हैं। जब मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट आई, तो मैंने उसे पढ़ा और मुझे यह पसंद आई। मुझे फिल्म की रिसर्च अच्छी लगी। मैंने कुछ दोस्तों के साथ तथ्यों की पुष्टि की और पाया कि यह सही थे। इसके बाद मैं निर्देशक से मिला। हमने तय किया कि फिल्म में कोई कट्टर राष्ट्रवाद नहीं होगा, यह फिल्म सिर्फ ताज के बारे में होगी।'

### विवाद खड़ा करना नहीं चाहते हैं

परेश रावल आगे कहते हैं, 'लोग कह रहे हैं कि हम हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। हम हमेशा से इससे दूर रहे हैं। हम एक शोध वाली मजेदार फिल्म बनाना चाहते थे जो हमारे यहां बनती नहीं हैं।' इस फिल्म को तुषार अमरीश गोयल ने डायरेक्ट किया है।

### क्या है 'द ताज स्टोरी' के मेकर्स का दावा

मेकर्स का दावा है यह फिल्म भारतीय इतिहास के एक ऐसे अध्याय को पेश करती है जिसे पहले कभी किसी ने सामने लाने की हिम्मत नहीं की। इस महीने की शुरुआत में, फिल्म का पहला पोस्टर तब विवादों में घिर गया था जब इसमें परेश रावल के किरदार को ताजमहल का गुंबद हटाते और उसमें से भगवान शिव की एक मूर्ति निकलते हुए दिखाया गया था। पोस्टर के पीछे का विचार यह है कि यह ताजमहल नहीं है। कुछ लोग इसे तेजो महालय कहते हैं।



# वर्क लाइफ बैलेंस पर रश्मिका मंदाना ने दी प्रतिक्रिया

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'थामा' और आगामी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर चर्चाओं में हैं। वहीं रश्मिका और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरें भी लगातार फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। अब इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर चल रही बहस के बीच रश्मिका ने काम और जिंदगी में संतुलन को लेकर बात की है। इससे पहले 'द गर्लफ्रेंड' के निर्माता एसकेएन ने रश्मिका की तारीफ करते हुए कहा था कि वो काम को घंटों की तरह नहीं लेती हैं। अब रश्मिका ने भी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन को लेकर बात की और ज्यादा काम न करने के महत्व को समझाया है।

### वही करो जो तुम्हारे लिए आरामदायक हो

कुछ समय पहले रश्मिका मंदाना ने बताया था कि उन्हें पूरे 8 घंटे की नींद लिए हुए कई महीने हो गए हैं। इसी बात का जिक्र करते हुए जब प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन के बारे में पूछा गया तो रश्मिका ने गल्ट से कहा, 'मुझे लगता है कि इस बात का महिमामंडन करना कि हम जरूरत से ज्यादा काम करते हैं, ठीक नहीं है। मैं जरूरत से ज्यादा काम करती हूं और मैं आपको बता रही हूं यह बिल्कुल भी सुझाव देने योग्य नहीं है। ऐसा मत करो। यह टिकाऊ नहीं है। वही करो जो तुम्हारे लिए आरामदायक हो, वही करो जो तुम्हारे लिए सही हो। वो 8 घंटे काम करो, वो 9-10 घंटे भी काम करो क्योंकि यकीन मानो, ये तुम्हें आगे चलकर बचाएगा। जैसे मैंने हाल ही में ऐसी कई बातचीत देखी हैं जहां लोग कहते हैं, ठीक है, काम का समय पता है वगैरह। मैंने दोनों ही किया है। यह इसके लायक नहीं है।'

### मैं जरूरत से ज्यादा काम करती हूं

अभिनेत्री ने आगे कहा कि जैसा जाहिर है कि यह एक जिम्मेदारी है जो तुम पर है। मैं खुद पर जरूरत से ज्यादा काम कर लेती हूं क्योंकि मैं एक सामान्य इंसान से कहीं ज्यादा काम ले लेती हूं। लेकिन मैं ऐसी भी नहीं हूं जो अपनी टीमों से कहूं कि मैं उनके लिए कुछ नहीं कर सकती। अगर मुझे पता है कि वे संघर्ष कर रहे हैं और वे कहते हैं, नहीं, मेरे पास अभी तक केवल यही लोकेशन है और हमें इस समय में बहुत कुछ शूट करना है।' तब मैं यह समझती हूं और मान जाऊंगी और वैसा करूंगी।

### हमें भी 9 से 5 की जॉब की तरह काम करने दें

बातचीत के दौरान रश्मिका ने कहा कि सिनेमा में यह बहुत पहले से होता आया है। यही कारण है कि हमें अपनी टीमों से प्यार है। लेकिन अगर मुझे खुद चुनना होता, तो मैं कहती कि कृपया हम अभिनेताओं को ऐसा करने पर मजबूर न करें, क्योंकि बहुत कुछ चल रहा है। सिर्फ अभिनेता ही नहीं बल्कि निर्देशक, लाइटमैन, संगीतकार, सभी। जैसा आप जानते हैं कि ऑफिस का समय 9 से 6 या 9 से 5 या 9 से 4 होता है, हमें ऐसा करने दें। क्योंकि अभी भी एक पारिवारिक जीवन है जिस पर मैं ध्यान देना चाहती हूं, अभी भी मेरी नींद बाकी है जो मैं पूरी करना चाहती हूं। मैं अभी भी वर्कआउट करना चाहती हूं, इसलिए, आप जानते हैं, बाद में मुझे इस बात का पछतावा नहीं होगा कि काश मैं छोटी उम्र में स्वस्थ और फिट होती और वर्कआउट करती। मैं अभी भी अपने भविष्य के बारे में सोच रही हूं। लेकिन अभी मेरे पास कहने का अधिकार नहीं है क्योंकि मैं खुद पर बहुत ज्यादा जिम्मेदारी ले रही हूं।



# तलाक की अफवाहों पर माही विज ने तोड़ी चुप्पी

माही विज और जय भानुशाली अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर दोनों का रिश्ता टूट गया है और कपल का तलाक होने वाला है। यह खबर सामने आने के बाद जय और माही के फैंस आहत हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर दोनों के तलाक को लेकर तरह-तरह के दावे करते हुए पोस्ट वायरल हो रहे हैं। एक पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए माही विज ने गुस्सा जाहिर किया है। जय भानुशाली के साथ तलाक की अफवाहों पर माही विज ने चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया गया। इसमें माही विज के हवाले से एक कमेंट लिखा गया, जिसमें कहा गया है, आधिकारिक रूप से पांच मिनट पहले मेरा तलाक हुआ है। मुझे पता है कि कुछ लोग इस पर बधाई देंगे, लेकिन मेरे लिए ऐसे परिदृश्य मायने नहीं रखते। तलाक होना हमेशा दुखद ही होगा। इस पोस्ट पर माही विज ने गुस्सा जाहिर करते हुए हिदायत दी है। माही विज ने कमेंट लिखा है, झूठी बातें पोस्ट मत करिए। मैं इसके खिलाफ लीगल एक्शन लूंगी। अभिनेत्री ने शायद तलाक को लेकर उनकी तरफ से की गई कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। फिलहाल माही के इस कमेंट से उनके फैंस ने राहत की सांस ली है कि शायद तलाक की बात झूठी हो। हालांकि, माही के कमेंट में यह जिक्र नहीं है कि तलाक होगा या नहीं, उन्होंने गलत नैरेटिव फैलाने को लेकर एतराज जताया है।

# क्या मुंज्या 2 में लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा की एंट्री?



साल 2024 की सरप्राइज हिट मुंज्या ने छोटे बजट और नए चेहरों के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर बड़ा कमाल दिखाया था। अभय वर्मा और शारवरी वाघ स्टारर इस हॉरर-कॉमेडी ने 100 करोड़ क्लब में जगह बनाकर मैडॉक फिल्म्स यूनिवर्स को नई ऊंचाई दी। अब इसका सीक्वल महा मुंज्या डेवलपमेंट स्टेज में है। हाल ही में खबरें आई थीं कि लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा फिल्म का हिस्सा बनने वाली हैं। हालांकि, मुंज्या के डायरेक्टर आदित्य सरपोतदार ने इस खबर को सिरे से खारिज किया।

महा मुंज्या में उनका नाम सिर्फ अफवाह है आदित्य ने कहा, न प्रतिभा ने कुछ कहा है, न उनकी टीम ने और न हमने। इसमें कोई सच्चाई नहीं है, ये बस एक फैन थ्योरी है। शायद लोगों को लगा कि वो इस यूनिवर्स का हिस्सा हैं क्योंकि उन्होंने लापता लेडीज में शानदार काम किया है। मुझे भी जब ये खबर सुनी तो थोड़ा हंसी आई कि ये आया कहां से?

आदित्य ने आगे बात करते हुए कहा, प्रतिभा बहुत टैलेंटेड और शानदार एक्ट्रेस हैं। मैं खुद मानता हूं कि वो इस तरह की फिल्मों में बिल्कुल फिट बैठेंगी। अगर आगे चलकर ऐसा कुछ होता है तो क्यों नहीं? लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ नहीं है। न कोई ऑफिशियल बातचीत हुई है, न कोई कन्फर्मेशन आया है। ये सिर्फ सोशल मीडिया की हवा है।

### अभय वर्मा और शारवरी वाघ की होगी वापसी

जब आदित्य सरपोतदार से पूछा गया कि क्या सीक्वल में मुंज्या के लीड कलाकार अभय वर्मा और शारवरी वाघ फिर नजर आएंगे तो उन्होंने तुरंत कहा, अभय और शारवरी 100 प्रतिशत लौट रहे हैं। उनके किरदार वहीं से आगे बढ़ेंगे, जहां पहली फिल्म खत्म हुई थी। लेकिन इनके साथ और कौन जुड़ता है, ये अभी बताना जल्दबाजी होगी। जब वक्त आएगा, सब कुछ साफ हो जाएगा।

### मुंज्या 2 इसलिए बन रही है क्योंकि ऑडियंस इंटरेस्टेड हैं

सीक्वल पर बात करते हुए आदित्य ने कहा, ये साफ दिखाता है कि लोग इस यूनिवर्स में इंटरेस्टेड हैं और उन्होंने मुंज्या के साथ एक इमोशनल इन्वेस्टमेंट बनाया है। जब हमने पहली फिल्म बनाई थी, तब सीक्वल का कोई प्लान नहीं था। लेकिन फिल्म के हिट होने के बाद भरोसा मिला कि इस कहानी को और आगे बढ़ाया जा सकता है। अगर फिल्म नहीं चलती तो पार्ट टू बनाने का कोई मतलब नहीं होता। लेकिन जब दर्शक खुद पूछने लगें कि आगे क्या होगा, तब समझ आता है कि आपने कुछ सही किया है।

### महा मुंज्या का पैमाना और बड़ा होगा

उन्होंने आगे बात करते हुए कहा, अब महा मुंज्या के साथ हम उस यूनिवर्स को और बड़ा करने जा रहे हैं। बहुत सारी प्लानिंग चल रही है, कई एक्साइटिंग चीजें तैयार हो रही हैं। हम चाहते हैं कि ये फिल्म सिर्फ सीक्वल नहीं, बल्कि एक नया एक्सपीरियंस बने। जैसे पहली फिल्म के एंड में हमने एक प्रॉमिस छोड़ा था, वैसे ही अब महा मुंज्या उस प्रॉमिस को पूरा करेगी। कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी जहां मुंज्या खत्म हुई थी, लेकिन इस बार पैमाना और बड़ा होगा, दुनिया और गहरी।



# 'पद्मावत' की मेहरुनिसा से लेकर 'मर्डर 3' की रोशनी तक, अदिति राव हैदरी ने हर किरदार में बिखेरा अभिनय का जादू

**अदिति राव हैदरी भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में से हैं जिन्होंने अपनी सादगी और अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर जानेंगे उनकी जबरदस्त फिल्मों के बारे में, जिनके लिए उन्हें पहचाना जाता है। तो चलिए जानते हैं उनकी फिल्में।**

### मर्डर 3

बॉलीवुड की मशहूर मर्डर फ्रैंचाइजी के तीसरे पार्ट का नाम 'मर्डर 3' है। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसे विशेष भट्ट द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फल्म में विक्रम (रणदीप हुड्डा) जो एक फोटोग्राफर है, निशा (सारा लोरेन) से एक बार मिलता है और दोनों की तुरंत दोस्ती हो जाती है। जल्द ही वे प्यार में पड़ जाते हैं और अपने रिश्ते को एक नए मुकाम पर ले जाते हैं। निशा उसके घर में रहने आती है, लेकिन जल्द ही उसे उसके राज पता चलने लगते हैं। वह विक्रम की पूर्व प्रेमिका रोशनी (अदिति राव हैदरी) के गायब होने के पीछे छिपे के सच का पता लगाने

### दिल्ली 6

राकेश ओमप्रकाश मेहरा के निर्देशन में दिल्ली 6 फिल्म साल 2009 में रिलीज हुई थी। आपक बता दें कि इस फिल्म से अदिति राव हैदरी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनका रोल कम था, लेकिन सभी ने उनके किरदार को खूब सराहा था। फिल्म एक एनआरआई के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बीमार दादी के साथ भारत लौटता है, लेकिन हैरानी की बात है कि वह खुद को दिल्ली के बीचों-बीच एक मंदिर-मस्जिद विवाद में फंसा हुआ पाता है। दिल्ली 6 में अदिति राव हैदरी ने रमा बुआ का किरदार निभाया था। इसमें अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर मुख्य भूमिका में थे।

### पद्मावत

संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म पद्मावत में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म अदिति राव हैदरी की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। अदिति हर फ्रेम में एक स्टार की तरह चमकीं। उन्होंने खिलजी की पत्नी मेहरुनिसा का किरदार बखूबी निभाया था। फिल्म में जैसे-जैसे खिलजी रानी पद्मावती के प्रति और अधिक आसक्त होता गया, मेहरुनिसा ने पत्नी से पहले, एक महिला बनना चुना। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी।

### वजीर


फरहान अख्तर, अमिताभ बच्चन और अदिति राव हैदरी जैसे कलाकारों से सजी फिल्म वजीर 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अदिति राव हैदरी ने रुहाना अली की भूमिका निभाई थी और तमाम दिग्गजों के बीच भी अपनी जगह और लाइमलाइट बरकरार रखी। इस फिल्म की कहानी एक पुलिसवाले दानिश के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बेटी की हत्या करने वाले एक आतंकवादी से बदला लेने के मिशन पर है। इसी दौरान उसकी मुलाकात पंडित से होती है, जो अपनी बेटी के लिए शोक मना रहा है।

### रॉकस्टार

इम्तियाज अली के निर्देशन में साल 2011 में रॉकस्टार फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं अदिति राव हैदरी ने शीना के रूप में फिल्म अहम किरदार अदा किया था। उनके रोल ने दर्शकों को आकर्षित किया था।

### हीरामंडी

अदिति राव हैदरी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार सीरीज में नजर आई थीं। यह साल 2024 में रिलीज हुई थी, जिसे संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित और निर्देशित किया गया था। यह शो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाहौर के हीरा मंडी में वेश्याओं के जीवन पर केंद्रित है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा और ऋचा चड्ढा जैसे कई सितारे शामिल थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in